▪ वैशाख कृष्ण - 4 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 11 ▪ अंक - 268 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » शनिवार » 27-04-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित





5 कांग्रेस अपने घोषणा पत्र के जरिए देना चाहती है गोमांस खाने का अधिकार

6 विरासत टैक्स एवं निजी सम्पत्ति सर्वे पर संकट में घिरी कांग्रेस

7 करण जौहर की स्पाई कॉमेडी फिल्म में काम करेंगे आयुष्मान

# दूसरे चरण में 63.50 प्रतिशत मतदान

■ त्रिपुरा में सर्वाधिक 79.46 प्रतिशत ने डाले वोट

■ 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 संसदीय सीटों पर मतदान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 संसदीय सीट पर शुक्रवार को 63 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया। इस चरण में कांग्रेस नेता शशि थरूर, केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर, अभिनेता अरुण गोविल और फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी आदि प्रमुख उम्मीदवार हैं।

उत्तर प्रदेश के मथुरा, राजस्थान के बांसवाड़ा और महाराष्ट्र के परभणी में कुछ गांवों के मतदाताओं ने विभिन्न मुद्दों को लेकर शुरुआत में मतदान का बहिष्कार किया, लेकिन बाद में अधिकारियों ने उन्हें वोट देने के लिए मना लिया।

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ और शाम छह बजे तक जारी रहा। कई राज्यों में भीषण गर्मी के बीच मतदान हुआ।

इससे पूर्व 19 अप्रैल को पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीट पर मतदान हुआ था।

निर्वाचन आयोग ने कहा कि मतदान कुल मिलाकर शांतिपूर्ण रहा। उसने कहा कि रात आठ बजे तक मतदान का अनुमानित आंकड़ा 63.50 प्रतिशत रहा जो सभी मतदान केंद्रों से रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि मतदान के अंतिम समय में मतदान केंद्र पहुंचे मतदाताओं को बाद तक वोट डालने की अनुमति दी गई।

इस चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए बड़े बहुमत के लिए प्रयासरत है। विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के घटक दल 2014 और 2019 के चुनाव में हार के बाद फिर से सत्ता में लौटने के लिए मशक्कत कर रहे हैं।





## लोकसभा चुनाव 2024



''दूसरा चरण बहुत अच्छा रहा। आज देशभर में मतदान करने वालों का आभार। राजग को मिला बेजोड़ समर्थन विपक्ष को और अधिक निराश करने जा रहा है। मतदाता राजग का सुशासन चाहते हैं। युवा और महिला मतदाता राजग को मजबूत समर्थन दे रहे हैं।''

निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार सर्वाधिक मतदान त्रिपुरा में दर्ज किया गया जहां 79.46 प्रतिशत लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। इसके बाद मणिपुर रहा जहां 77.32 प्रतिशत लोगों ने वोट डाला। उत्तर प्रदेश में 54.85 प्रतिशत एवं बिहार में 55.08 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

केरल की सभी 20 सीट, कर्नाटक की 28 में से 14 सीट, राजस्थान की 13 सीट, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश की आठ-आठ सीट, मध्य प्रदेश की छह सीट, असम और बिहार की पांच-पांच सीट, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल की तीन-तीन सीट तथा मणिपुर, त्रिपुरा और जम्मू-कश्मीर में एक-एक सीट पर शुक्रवार को मतदान हुआ।

इस चरण के प्रमुख उम्मीदवारों में कांग्रेस नेता शशि थरूर, केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर, अभिनेता अरुण गोविल, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के भाई डी के सुरेश, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी शामिल रहे। इनके अलावा इस चरण में भाजपा सांसद हेमा मालिनी, ओम बिरला और गजेंद्र सिंह शेखावत ने भी तीसरी बार संसद में पहुंचने को लेकर दमखम लगाया।



## कर्नाटक की 14 सीट पर करीब 69 प्रतिशत मतदान

**बेंगलूरु।** कर्नाटक में शुक्रवार को 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 69 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। निर्वाचन अधिकारियों के अनुसार शाम राज्य में 69.23 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ था और शाम छह बजे संपन्न हुआ। कर्नाटक की इन 14 लोकसभा सीट में से सबसे अधिक मंड्या में 81.48 प्रतिशत दर्ज किया गया। इसके बाद कोलार में 78.07 प्रतिशत और सबसे कम मतदान बेंगलूरु मध्य में 52.81 प्रतिशत दर्ज किया गया। कांग्रेस सभी 14 सीट पर चुनाव लड़ रही है जबकि भाजपा ने 11 सीट पर और उसके गठबंधन साझेदार जद(एस) ने तीन सीट हासन, मंड्या और कोलार सीट पर उम्मीदवार उतारे हैं।

वर्ष 2019 लोकसभा चुनाव में कर्नाटक की इन 14 सीटों पर 68.96 प्रतिशत मतदान हुआ था और विधानसभा चुनाव 2023 में 74.69 प्रतिशत मतदान रिकार्ड किया गया था। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और जद (एस) ने गठबंधन में चुनाव लड़ा था और इन दलों ने इन 14 लोकसभा क्षेत्रों में केवल एक-एक सीट हासिल की थी।

## फर्स्ट टेक

### जयपुर हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी मिली

**जयपुर/भाषा।** जयपुर हवाईअड्डे पर शुक्रवार को बम विस्फोट करने की धमकी मिलने बाद पुलिस व सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गईं। पुलिस के अनुसार किसी ने ईमेल के जरिए यह धमकी दी है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) कावेंद्र सिंह सागर ने बताया कि आज जयपुर हवाई अड्डे को एक ईमेल मिला, जिसमें दावा किया गया था कि हवाई अड्डे के प्रवेश द्वार पर बम रखा गया है। उन्होंने बताया कि हवाईअड्डे के अधिकारियों ने तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित किया, जिसके इसके बाद खोजी कुत्तों के दस्ते, बम निरोधक दस्ते और एयरपोर्ट की सभी सुरक्षा एजेंसियों ने गहन जांच की, हालांकि जांच के दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। उन्होंने बताया कि भेजने वाले की पहचान करने के लिए जांच की जा रही है।

### 'इनफ्लुएंसर' टेट के खिलाफ मानव तस्करी का मुकदमा हो सकता है शुरू

**बुखारेस्ट/एपी।** रोमानिया की एक अदालत ने शुक्रवार को आदेश दिया कि मानव तस्करी, बलात्कार के आरोपी नामी 'इनफ्लुएंसर' एंड्रयू टेट के खिलाफ मुकदमा शुरू किया जा सकता है। बुखारेस्ट की अदालत ने फैसला सुनाया कि टेट (37) के खिलाफ अभियोजकों का मामला कानूनी मानदंडों को पूरा करता है। हालांकि अदालत ने मुकदमा शुरू करने के लिए कोई तारीख तय नहीं की। 'इनफ्लुएंसर' (सोशल मीडिया के चर्चित चेहरे) टेट के प्रवक्ता माटेया पेट्रेस्कु ने कहा कि फैसले के खिलाफ अपील की जाएगी। टेट को दिसंबर 2022 में बुखारेस्ट के पास उसके भाई ट्रिस्टन टेट और दो रोमानियाई महिलाओं के साथ गिरफ्तार किया गया था। रोमानिया के अभियोजकों ने पिछले साल जून में औपचारिक रूप से चारों के खिलाफ आरोप लगाया था। उन्होंने आरोपों से इनकार किया है।

### हरित हाइड्रोजन चालित जहाजों के लिए वाराणसी का चयन

**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार के हरित नौका दिशानिर्देशों के अनुरूप वाराणसी को राष्ट्रीय जलमार्ग-एक पर हरित हाइड्रोजन ईंधन से चलने वाले अंतर्देशीय जहाजों की तैनाती के लिए पायलट स्थल के रूप में चुना गया है। एक आधिकारिक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। बयान के मुताबिक, इस स्थान पर जहाजों को ईंधन आपूर्ति की प्रक्रिया (बंकरिंग) जैसी सुविधाओं के लिए संभावित पक्षों के साथ चर्चा चल रही है। बंदरगाह, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अपने कम उत्सर्जन गुणों के कारण मेथनॉल को वैश्विक स्तर पर मालवाहक जहाजों के लिए प्रमुख हरित ईंधन में गिना जा रहा है।

| | |
|---|---|
| 27-04-2024 सूर्यास्त 5:49 बजे | 28-04-2024 सूर्योदय 6:23 बजे |
| BSE 73,730.16 (-609.28) | NSE 22,419.95 (-150.40) |
| सोना 7,651 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 90,000 रु. प्रति किलो |

## भारत वैश्विक शक्ति बनने की ओर बढ़ रहा : उपराष्ट्रपति धनखड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**तिरुपति (आंध्र प्रदेश)/भाषा।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को कहा कि भारत एक वैश्विक शक्ति बनने की ओर बढ़ रहा है और इसे रोका नहीं जा सकता। उपराष्ट्रपति ने यहां राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में ये टिप्पणियां कीं। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, ''आप अब एक वृहद विश्व में एक ऊंची छलांग लगा रहे हैं। आप भाग्यशाली हैं कि आप यह ऐसे समय में कर रहे हैं जब भारत आगे बढ़ रहा है। इसके उभरने को रोका नहीं जा सकता। आप वैश्विक शक्ति बनने की ओर बढ़ रहे हैं।''

उन्होंने दावा किया कि ऐसी भाषा जो हर तरह की प्रौद्योगिकी विज्ञान में बिना त्रुटि के उपयुक्त हो सकती है वह संस्कृत है। धनखड़ ने दावा किया, ''यह एकमात्र भाषा है जिसके शब्द द्विअर्थी नहीं है।''

उपराष्ट्रपति ने कहा कि संस्कृत को कई भारतीय भाषाओं की जननी माना जाता है। उन्होंने कहा कि भारत के भाषाई विकास में इसका एक अद्वितीय स्थान है और इसने भारतीय भाषाओं की विविधता में योगदान दिया है। उन्होंने रेखांकित किया कि संस्कृत के व्याकरण, वाक्य विन्यास और शब्दों ने हिंदी तथा दक्षिण एशिया में बोली जाने वाली कई अन्य भाषाओं को समृद्ध किया है।

## अज्ञात बदमाशों ने मेघालय के उपमुख्यमंत्री के घर पर फेंका पेट्रोल बम

**शिलांग/भाषा।** मेघालय के उपमुख्यमंत्री स्नियावभालंग धर के घर पर शुक्रवार को अज्ञात बदमाशों ने पेट्रोल बम फेंका। पुलिस ने यह



जानकारी दी। धर, पूर्वी खासी हिल्स जिले के नोंगमिनसोंग में रहते हैं। पुलिस ने बताया, ''अज्ञात बदमाशों ने धर के आवास को निशाना बनाकर पेट्रोल बम फेंका, जो बालकनी में गिरा। हालांकि, घटना में कोई घायल नहीं हुआ।'' धर ने तुरंत प्राथमिकी दर्ज कराई। घटना के बाद उनके आवास की सुरक्षा बढ़ा दी गयी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि घटना की जांच की जा रही है। उपमुख्यमंत्री ने इस संबंध में कोई टिप्पणी नहीं की है।

## उच्चतम न्यायालय ने किया ईवीएम में हेरफेर के संदेह को खारिज; इसे सुरक्षित करार दिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



■ उच्चतम न्यायालय ने सभी 'वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल' (वीवीपैट) पर्चियों की गिनती किये जाने का अनुरोध करने वाली याचिकाएं खारिज की

**नई दिल्ली/भाषा।** इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में हेरफेर के संदेह को ''बेबुनियाद'' करार देते हुए उच्चतम न्यायालय ने मतपत्रों से मतदान कराए जाने का निर्देश देने के अनुरोध को शुक्रवार को खारिज कर दिया और कहा कि 'ईवीएम' ''सुरक्षित'' है तथा इसने मतदान केंद्रों पर कब्जा एवं फर्जी मतदान होने पर विराम लगा दिया।

हालांकि, शीर्ष अदालत ने चुनावों में दूसरा और तीसरा स्थान हासिल करने वाले असफल उम्मीदवारों को प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पांच प्रतिशत ईवीएम के 'माइक्रोकंट्रोलर चिप' के सत्यापन की मांग करने की अनुमति दे दी। हालांकि, इसके लिए इन उम्मीदवारों को आयोग को एक लिखित आवेदन देना होगा तथा इसके लिए शुल्क अदा करना होगा।

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के बीच, न्यायालय ने 'ईवीएम' के जरिये डाले गए वोट का 'वोटर वेरिफाएबल पेपर ऑडिट ट्रेल' (वीवीपैट) के साथ शत-प्रतिशत मिलान कराने संबंधी याचिकाएं खारिज कर दीं। न्यायालय ने कहा कि तंत्र के किसी भी पहलू पर ''आंख मूंदकर अविश्वास करना'' अवांछित संशय पैदा कर सकता है।

न्यायालय ने कहा कि मतदाताओं को 'वीवीपैट' पर्चियां देना समस्या पैदा करेगा और यह अव्यावहारिक है तथा यह इसका दुरुपयोग किए जाने एवं विवादों को बढ़ावा देगा। इसने निर्देश दिया कि एक मई से, चिह्न 'लोड' करने की यूनिट को एक कंटेनर में सील व सुरक्षित किया जाए और चुनाव नतीजों की घोषणा के कम से कम 45 दिनों की अवधि तक 'स्ट्रॉंग रूम' में ईवीएम के साथ रखा जाए।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने मतपत्रों से चुनाव कराने की प्रणाली का फिर से उपयोग करने का अनुरोध करने वाली जनहित याचिकाएं खारिज कर दीं और कहा कि बगैर सबूत के बार-बार तथा लगातार संदेह जताए जाने से अविश्वास पैदा करने के नुकसानदेह प्रभाव पड़ सकते हैं।

पीठ ने कहा, ''मतदान प्रणाली सरल, सुरक्षा, जवाबदेही और सटीकता के सिद्धांतों के अनुरूप होनी चाहिए। एक अत्यधिक जटिल प्रणाली संदेह और अनिश्चितता पैदा कर सकती है, जिससे हेरफेर की गुंजाइश आसान हो जाती है।''

## कोलकाता नाइट राइडर्स को पंजाब किंग्स ने आठ विकेट से हराया


दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

■ इंडियन प्रीमियर लीग 2024




**कोलकाता/वार्ता।** जॉनी बेयरस्टो नाबाद (108), शशांक सिंह नाबाद (68) और प्रभसिमरन सिंह (54) की आतिशी बल्लेबाजी के दम पर पंजाब किंग्स ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 42वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स को आठ गेंदें शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया है। पंजाब की यह नौ मैचों में तीसरी जीत है।

पंजाब किंग्स की टीम ने टी-20 इतिहास में अभी तक से बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए यह जीत हासिल की है। पंजाब की टीम ने 24 छक्के लगाये। वहीं कोलकाता की ओर 18 छक्के लगे। 262 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब की जॉनी बेयरस्टो और प्रभसिमरन सिंह की सलामी जोड़ी ताबड़तोड़ शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये छह ओवर में 93 रन जोड़े। प्रभसिमरन सिंह ने 20 गेंदों में चार चौके और पांच छक्के लगाते हुए 54 रन बनाये। उन्हें सुनील नारायण ने रनआउट किया। राइली रुसो 16 गेंदों में एक चौका और दो छक्कों की मदद से 26 रन बनाये। जॉनी बेयरस्टो 48 गेंदों में आठ चौके और नौ छक्के लगाते हुए नाबाद 108 रनों की पारी खेली। वहीं शशांक सिंह ने भी आतिशी अंदाज में 28 गेंदों में दो चौके और आठ छक्के जड़ते हुये नाबाद 68 रन बनाये। पंजाब किंग्स ने 18.4 ओवर में दो विकेट पर 262 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। कोलकाता की ओर से एक मात्र विकेट सुनील नारायण को मिला।




## सीबीआई ने किए पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में छापे के दौरान हथियार और गोला-बारूद बरामद

**नई दिल्ली/कोलकाता/भाषा।** केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी के दौरान विदेश निर्मित पिस्तौल सहित कई हथियार और गोला बारूद बरामद किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तृणमूल कांग्रेस के नेता रहे शाहजहां शेख के समर्थकों द्वारा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम पर हमला किए जाने की घटना के सिलसिले में यह छापेमारी की गई।

अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई, बम निरोधक दस्ते, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी), केंद्रीय अर्धसैनिक बलों और पश्चिम बंगाल पुलिस की टीम ने उत्तर 24 परगना जिले में सुंदरबन के किनारे एक गांव में छापेमारी की।

अधिकारियों ने बताया कि अभियान में अपराह्न तक भारी मात्रा में छोटे हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया जिसमें विदेश निर्मित पिस्तौल भी शामिल हैं।

## श्रीलंका में हिरासत में लिए गए 24 भारतीय मछुआरे स्वदेश भेजे गए

**चेन्नई/कोलंबो/भाषा।** श्रीलंकाई जलक्षेत्र में कथित तौर पर मछली पकड़ने के चलते द्वीप देश की नौसेना द्वारा हिरासत में लिए गए 24 भारतीय मछुआरों को शुक्रवार को भारत वापस भेज दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। श्रीलंका ने दो दिन पहले ही पांच और भारतीय मछुआरों को वापस भेजा था। कोलंबो स्थित भारतीय उच्चायोग ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''श्रीलंका से 24 भारतीय मछुआरों को वापस भेज दिया गया है। वे कोलंबो से रवाना हो चुके हैं और फिलहाल अपने घर जा रहे हैं।'' श्रीलंकाई नौसेना द्वारा हिरासत में लिए गए पांच भारतीय मछुआरों को बुधवार को भारत वापस भेजा गया था। भारतीय उच्चायोग ने कहा कि इस महीने की शुरुआत में श्रीलंका की नौसेना द्वारा हिरासत में लिए गए 19 भारतीय मछुआरों को भी भारत वापस भेज दिया गया था।

## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### घर का भेदी

जो थे खासमखास कभी वे,
दलबदलू जी पर घर धाए।
गुप्त राज के किस्से उनने,
सबके सम्मुख खूब बताएं।
खेत चुग गई चिड़ियां भाई,
अब चाहे जितना पछताए।
इसीलिए तो सब कहते हैं,
घर का भेदी लंका ढाए।।

# केरल में नेताओं, उम्मीदवारों और अभिनेताओं ने किया मतदान






दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** केरल में वरिष्ठ नेताओं, लोकसभा चुनाव के उम्मीदवार, लोकप्रिय अभिनेता एवं अभिनेत्री और गिरिजाघर के प्रमुखों सहित जानी-मानी हस्तियों ने शुक्रवार को राज्य की 20 लोकसभा सीट के लिए हो रहे मतदान के दौरान अपने मताधिकार का उपयोग किया और सभी नागरिकों से अपने संवैधानिक अधिकार का उपयोग करने की अपील की। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन, राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष वी. डी. सतीसन, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन, भाजपा के उम्मीदवार सुरेश गोपी और अनिल एंटनी के साथ-साथ कांग्रेस के के. सी. वेणुगोपाल और शफी परम्बिल को सुबह-सुबह ही मतदान करते देखा गया।

उनके अलावा, कांग्रेस के दिग्गज एवं पूर्व रक्षामंत्री ए. के. एंटनी, केरल कांग्रेस प्रदेश कमेटी (केपीसीसी) के अध्यक्ष के. सुधाकरन, वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ)के संयोजक ई पी जयराजन और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के थॉमस इसाक ने भी सुबह ही अपने मताधिकार का उपयोग किया। माकपा नीत एलडीएफ, कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) और भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेताओं ने दावा किया कि उनका गठबंधन राज्य में इतिहास रचेगा। विजयन ने दावा किया कि केरल एलडीएफ को एक ऐतिहासिक जीत का उपहार' देगा। इसी तरह की भावना अन्य वामपंथी नेताओं ने भी जाहिर की और दावा किया कि भाजपा को केरल की जनता ने कभी स्वीकार नहीं किया है और यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

भाजपा ने दावा किया कि वह केरल में दो अंकों में सीट जीतेगी। इस बारे में संवाददाताओं द्वारा सवाल किए जाने पर विजयन ने कहा कि भाजपा को एक सीट भी नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि यहां तक कांग्रेस नीत यूडीएफ भी एक भी सीट पर जीत दर्ज नहीं कर सकेगी क्योंकि जनता उससे नाराज है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा और कांग्रेस का केरल विरोधी रुख रहा है।

पत्तनमथिट्टा लोकसभा सीट से उम्मीदवार इसाक ने कहा कि एलडीएफ सभी सीटें जीतेगा और भाजपा हर जगह तीसरे स्थान पर रहेगी। जयराजन ने भी एलडीएफ द्वारा राज्य में 'इतिहास रचे' जाने का भरोसा जताया।

एंटनी, वेणुगोपाल, सतीसन और शशि थरूर ने कहा कि राज्य में कांग्रेस के समर्थन में और यूडीएफ के पक्ष में लहर है और सबसे पुरानी पार्टी बेहतरीन विकल्प है। चारों नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार और केरल में वामपंथी सरकार के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर है इसलिए कांग्रेस सभी 20 सीटें जीतेगी। कांग्रेस नेताओं ने यह भी कहा कि देश के अस्तित्व के लिए केंद्र की सांप्रदायिक और फासीवादी' सरकार को सत्ता से हटाया जाना चाहिए और वहां विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडि) की सरकार बननी चाहिए। भाजपा के टिकट पर पत्तनमथिट्टा से एंटनी के बेटे अनिल एंटनी चुनाव लड़ रहे हैं। एंटनी ने कहा कि चुनाव में भाजपा समाप्त हो जाएगी। सुबह-सुबह ही मतदान करने वालों में शामिल अनिल एंटनी ने दावा किया कि राज्य में नरेन्द्र मोदी के पक्ष में माहौल है। इसी तरह की भावना वायनाड लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार सुरेंद्रन ने भी व्यक्त की और कहा कि लोग मोदी और उनके विकास के एजेंडे के लिए वोट करेंगे। उन्होंने कहा कि केरल के लोग एलडीएफ और यूडीएफ से नाखुश हैं और वायनाड के लोग राहुल गांधी को विदाई देने के लिए तैयार हैं।

नेताओं के अलावा, श्रीनिवासन, फहद फासिल, टोविनो थॉमस, अन्ना राजन, आसिफ अली और रेन्जी पणिक्कर सहित प्रमुख अभिनेताओं के साथ-साथ प्रभावशाली साइरो-मालाबार चर्च के प्रमुख आर्कबिशप राफेल थैटिल और कार्डिनल जॉर्ज एलेनचेरी जैसे चर्च प्रमुखों ने भी सुबह मतदान किया। मतदान करने के बाद थॉमस ने कहा कि चुनाव में जनता के पास चुनने के लिए बहुत कम विकल्प मौजूद हैं, लेकिन उन्हें इसका अधिकतम लाभ उठाना चाहिए और अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने से झिझकना नहीं चाहिए।

wazirx

## क्रिप्टो एक्सचेंज वजीर एक्स के नए उपयोगकर्ता छह माह में दोगुने से ज्यादा बढ़े : रिपोर्ट

**नई दिल्ली/भाषा।** क्रिप्टो एक्सचेंज वजीर एक्स के नए उपयोगकर्ताओं के पंजीकरण की संख्या पिछले छह माह में 122 प्रतिशत बढ़ी है। देश के प्रमुख क्रिप्टो एक्सचेंज ने शुक्रवार को यह कहा। वजीरएक्स ने अक्टूबर, 2023 से मार्च 2024 तक की अवधि की अपनी छठी पारदर्शिता रिपोर्ट में यह भी कहा कि इस दौरान पिछले छह महीनों की तुलना में कारोबार मात्रा में 217 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, नए उपयोगकर्ताओं के पंजीकरण में 122 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसमें कहा गया है कि मार्च, 2024 में सर्वाधिक 40 करोड़ डॉलर से अधिक का कारोबार हुआ, जबकि दिसंबर, 2023 में सबसे ज्यादा नए पंजीकरण (साइन-अप) हुए। वजीरएक्स के उपाध्यक्ष राजगोपाल मेनन ने कहा, हम देश के 'वर्चुअल डिजिटल' संपत्ति (वीडीए) परिवेश में नए विचार को बढ़ावा देते हुए उपयोगकर्ता के हितों की रक्षा के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारी नई पारदर्शिता 'रिपोर्ट' इसी विचार का संकेत है।

## अदालत का विमान पंजीकरण रद्द करने के आवेदनों पर तुरंत कार्रवाई का निर्देश

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) को 54 विमानों का पंजीकरण रद्द करने के पट्टेदारों के आवेदनों पर तुरंत कार्रवाई करने का शुक्रवार को निर्देश दिया। विमान पट्टे पर दे रखी कंपनियों ने संकट ग्रस्त एयरलाइन गो फर्स्ट से विमान वापस लेने की कवायद में यह आवेदन किया है। उच्च न्यायालय ने कहा कि प्रक्रिया पांच कामकाजी दिन या उससे कम समय में पूरी की जाएगी। न्यायमूर्ति तारा वितस्ता गंजू ने एयरलाइन और उसके निदेशकों के प्रबंधन के लिए दिवाला कानून के तहत नियुक्त समाधान पेशेवर (आरपी) को विमानों या कलपुर्जों, दस्तावेजों, रिकॉर्ड और किसी भी अन्य सामग्री को ले जाने या कहीं रखने से भी रोक दिया।

अदालत ने कहा, डीजीसीए तुरंत तथा पांच कामकाजी दिन के भीतर 54 विमानों के पंजीकरण रद्द करने संबंधी आवेदनों पर कार्रवाई करेगा। उच्च न्यायालय ने कहा कि डीजीसीए, एएआई (भारतीय हवाईअड्डा प्राधिकरण) और उसके अधिकृत प्रतिनिधि याचिकाकर्ता पट्टेदारों की सहायता करेंगे और उन्हें हवाई अड्डों तक पहुंच प्रदान करेंगे।

## पुलवामा में मस्जिद, दरगाह का 'अनादर' करने वालों को पकड़ने के तलाशी अभियान

**श्रीनगर/भाषा।** पुलिस ने जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले में एक मस्जिद और एक दरगाह का अनादर' करने में संलिप्त लोगों को गिरफ्तार करने के लिए एक तलाश अभियान शुरू किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह घटना दक्षिण कश्मीर जिले में त्राल के डडसरा इलाके में बृहस्पतिवार रात हुई। पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा, ''बीती रात, कुछ लोगों ने त्राल के डडसरा में एक दरगाह और मस्जिद की खिड़कियों के कांच तोड़ दिये तथा कुरान की बेअदबी करने की भी कोशिश की।'' पुलिस को संदेह है कि इस घटना का मकसद राज्य में कानून व्यवस्था में खलल डालना था। पुलिस ने कहा, ''इस तरह की घटनाओं को अंजाम देने वालों का पता लगाने और उन्हें दंडित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।''

## बरेली में प्रधानमंत्री मोदी का फूल बरसा हुआ स्वागत

**बरेली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार शाम बरेली में एक किलोमीटर लंबा रोडशो किया और रास्ते में खड़ी उत्साही भीड़ ने हाथ हिला कर उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भव्य रोड शो में काफी भीड़ जुटी। इससे पहले, बृहस्पतिवार को भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बरेली के आंवला में जनसभा को संबोधित किया था। शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के साथ बरेली शहर में रोड शो करने उतरे। लगभग 1.2 किलोमीटर के रोड शो के दौरान सड़क के दोनों किनारे भारी भीड़ थी।

बरेली से लोकसभा प्रत्याशी छत्रपाल सिंह गंगवार को वोट देने की अपील करने के लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का यह रोड शो राजेन्द्र नगर स्थित स्वयंवर बैंक्वेट हॉल से शुरू होकर शहीद चौक पर समाप्त हुआ। रोड शो के रूट और उसके आस-पास की सड़कों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे। फूलों से सजे रथ की तरह बने भगवा रंग के वाहन पर खड़े मोदी ने भाजपा का चुनाव चिन्ह कमल थाम रखा था, और सड़क किनारे खड़ी भीड़ ने फूल बरसाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान भीड़ में खड़े लोगों के हाथों में पोस्टर थे, जिनपर अबकी बार 400 पार लिखा था।

# सूरत लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी कुम्भाणी को पार्टी से निलंबित किया



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अहमदाबाद/भाषा।** कांग्रेस की गुजरात इकाई ने सूरत लोकसभा सीट के प्रत्याशी रहे नीलेश कुम्भाणी को शुक्रवार को छह साल के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया। विसंगतियों के कारण कुम्भाणी का नामांकन पत्र खारिज हो जाने से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मुकेश दलाल को निर्विरोध विजेता घोषित कर दिया गया। कांग्रेस ने एक बयान में कहा कि पार्टी की अनुशासन समिति ने गहन चर्चा के बाद कुम्भाणी को निलंबित करने का फैसला किया है।

यह भी बताया कि पार्टी इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि नामांकन पत्र उनकी घोर लापरवाही या भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से उनकी ''मिलीभगत'' के कारण रद्द हुआ। बाबू पटेल की अध्यक्षता वाली कांग्रेस की अनुशासन समिति ने कहा, आपके प्रति निष्पक्ष रहते हुए हमने पूरा मामला समझाने के लिए आपको भरपूर समय दिया है, लेकिन पार्टी अनुशासन समिति के सामने आने के बजाय आप संपर्क से बाहर रहे। अधिकारियों द्वारा आपका फॉर्म खारिज किये जाने के बाद भाजपा ने अन्य आठ नामांकन पत्र भी वापस करवा लिए। इससे सूरत के लोग अपने मताधिकार से वंचित हो गए हैं। विज्ञप्ति में कहा, ''आपकी इस हरकत से सूरत की जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं में रोष है और अलग-अलग तरीके से अपना गुस्सा प्रकट कर रहे हैं। कांग्रेस ने आपको छह साल के लिए पार्टी से निलंबित करने का फैसला किया है।'' कुम्भाणी का नामांकन पत्र 21 अप्रैल को खारिज कर दिया गया था क्योंकि उनके तीन प्रस्तावकों ने जिला निर्वाचन अधिकारी को हलफनामा देकर दावा किया था कि दस्तावेज पर हस्ताक्षर उनके नहीं थे।

## 'नोटा' के जीतने पर नए सिरे से चुनाव कराने की याचिका पर न्यायालय ने आयोग से जवाब मांगा

**नई दिल्ली/भाषा।** आम चुनाव के बीच उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को उस जनहित याचिका पर निर्वाचन आयोग से जवाब देने को कहा जिसमें 'नोटा' (इनमें से कोई नहीं) के विकल्प को अन्य उम्मीदवारों से अधिक वोट मिलने पर चुनाव रद्द करने और नए सिरे से मतदान कराने के लिए नियम बनाने का अनुरोध किया गया है।

शीर्ष अदालत ने लेखक, सामाजिक कार्यकर्ता शिव खेड़ा की एक जनहित याचिका पर निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी किया। शीर्ष अदालत के 2013 के एक फैसले के अनुरूप मतदाताओं को चुनाव में किसी भी उम्मीदवार को नहीं चुनने का अपना रुख जताने के लिए 'नोटा' का विकल्प दिया जाता है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने खेड़ा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकर नारायणन की दलीलों पर संज्ञान लिया और नोटिस जारी किया।



# ओडिशा के नवरंगपुर में पांडियन के हेलीकॉप्टर की तलाशी ली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भुवनेश्वर/भाषा।** निर्वाचन आयोग के पांच सदस्यीय दल ने शुक्रवार को ओडिशा के नवरंगपुर में वी. के. पांडियन के हेलीकॉप्टर की तलाशी ली। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, ''हेलीकॉप्टर में कोई भी आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली।''

यह तलाशी तब हुई जब सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) के वरिष्ठ नेता पांडियन का हेलीकॉप्टर उमरकोटे पहुंचा। पांडियन ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के करीबी भी हैं। निर्वाचन आयोग के इस जांच दल में निर्वाचन अधिकारी, स्थानीय प्रखंड विकास अधिकारी, एक पुलिस अधिकारी एवं एक मजिस्ट्रेट शामिल थे। अधिकारी ने बताया कि यह तलाशी निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार ली गयी। पांडियन एक जनसभा को संबोधित करने के लिए उमरकोटे पहुंचे थे। उनका नबरंगपुर लोकसभा सीट के झारिगाम और डाबुगाम विधानसभा क्षेत्रों में भी जाने का कार्यक्रम है जहां 13 मई को ब्रह्मपुर, कोरापुट और कालाहांडी के साथ साथ मतदान होगा। निर्वाचन आयोग द्वारा ली गयी इस तलाशी पर अबतक न तो पांडियन और न ही बीजद ने कोई प्रतिक्रिया दी है।




# चिकित्सक स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा दें : कोविन्द

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चंडीगढ़/भाषा।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शुक्रवार को चिकित्सकों से आग्रह किया कि वे लोगों के बीच स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने का प्रयास करें क्योंकि मरीजों के लिए उनकी राय बहुत मायने रखेगी। उन्होंने देश में जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के मामलों के बढ़ने की पृष्ठभूमि में यह आह्वान किया।

पूर्व राष्ट्रपति ने कहा, ''...हमारा देश जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की महामारी का भी सामना कर रहा है – मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं।'' उन्होंने कहा, आज, 10 करोड़ से अधिक भारतीय लोग मधुमेह से पीड़ित हैं। हमने दुनिया की मधुमेह राजधानी होने का संदिग्ध गौरव है... यह एक गंभीर मुद्दा है। वह यहां सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के पहले दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। कोविन्द ने आगे कहा कि जीवनशैली से जुड़ी ये बीमारियां न केवल जीवन की गुणवत्ता को काफी हद तक कम कर देती हैं, बल्कि बड़ी मात्रा में धन भी खर्च होता है।

उन्होंने कहा कि इसलिए, जीवनशैली से जुड़ी इन बीमारियों के बोझ को कम करने के साधन के रूप में स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना जरूरी है। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि डॉक्टरों के रूप में, आपके शब्द निश्चित रूप से आपके रोगियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण होंगे। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा, आपके शब्द उन्हें संतुलित आहार लेने, नियमित व्यायाम करने और योगाभ्यास आदि जैसी स्वस्थ रीतियों को अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे। हम सभी शारीरिक और मानसिक तंदुरुस्ती के इस पारंपरिक, लेकिन वैज्ञानिक तरीके को अपनाने के अपार लाभों को जानते हैं।

उन्होंने कहा कि भारत ने न केवल अपने लोगों को, बल्कि अपने पड़ोस और अन्य देशों के मरीजों को भी अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में बहुत प्रगति की है। उन्होंने कहा, उनके लिए, भारत एक चिकित्सा गंतव्य है क्योंकि उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं उचित रूप से प्रदान की जाती हैं।

## जेल में भीड़ की वजह से विचाराधीन कैदियों को जमानत पर रिहा करने की मांग वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कारागारों में भीड़ के मद्देनजर विचाराधीन कैदियों को जमानत पर रिहा करने की गुहार के साथ दाखिल की गई जनहित याचिका खारिज कर दी है।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन ने टिप्पणी की कि याचिकाकर्ता गौतम कुमार लाहा द्वारा याचिका में उठाये गये मुद्दे पर पहले ही उच्चतम न्यायालय विचार कर रहा है और ऐसे में अर्जी को स्वीकार करने का कोई औचित्य नहीं है।

पीठ ने 24 अप्रैल को पारित आदेश में कहा, हम इस बात से संतुष्ट हैं कि चूंकि वर्तमान याचिका में याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए मुद्दे सीधे तौर पर डब्ल्यू.पी. (सी) 406/2013 में उच्चतम न्यायालय के समक्ष लंबित हैं और उसपर विचार किया जा रहा है। इसलिए हमें वर्तमान याचिका पर विचार करने का कोई कारण प्रतीत नहीं होता है। तदनुसार, वर्तमान याचिका खारिज की जाती है।''

इस पीठ में न्यायमूर्ति मनमीत पी.एस.अरोड़ा भी शामिल थे। याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि जनहित याचिका उन विचाराधीन कैदियों के हित में दायर की गई है, जो भीड़भाड़ वाली जेलों में बंद हैं। उन्होंने गुहार लगाई कि हर महीने कम से कम एक बार बैठक आयोजित करने के लिए एक समिति नियुक्त की जाए ताकि यह तय किया जा सके कि किस कैदी को संबंधित अदालत द्वारा पारित उचित आदेश के आधार पर रिहा किया जा सकता है।

# कांग्रेस ने प्रधानमंत्री और भाजपा पर ध्रुवीकरण के प्रयास का आरोप लगाया



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा इस लोकसभा चुनाव में हार के डर से परेशान हैं तथा ऐसे में लगातार ध्रुवीकरण का सहारा ले रहे हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि नड्डा ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की टिप्पणियों को गलत संदर्भ में पेश किया है। नड्डा ने कांग्रेस पर शुक्रवार को आरोप लगाया कि वह मुसलमानों को लाभ पहुंचाने के लिए अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के अधिकारों को छीनना चाहती है तथा यह विपक्षी दल का छिपा हुआ एजेंडा है। नड्डा ने तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के 2006 के उस बयान का हवाला दिया जिसमें उन्होंने कथित तौर पर कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों, विशेषकर मुसलमानों का है। रमेश ने एक बयान में कहा, भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के आरोप झूठ पर आधारित हैं। लगता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हवा उनको लग गई है और झूठ प्रचार नड्डा बन गए हैं।

**मतदान**



लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए शुक्रवार को गुवाहाटी के निकट कालोंग गांव में मतदान करने के बाद महिला मतदाता अपनी स्याही लगी उंगली दिखाती हुई।

## देश की जीडीपी वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में 7.1 प्रतिशत रहने का अनुमान : एनआईपीएफपी

**नई दिल्ली/भाषा।** आर्थिक शोध संस्थान राष्ट्रीय लोक वित्त एवं नीति संस्थान (एनआईपीएफपी) ने भारत की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में 7.1 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है।

एनआईपीएफपी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि केंद्र करों में उछाल और राजस्व व्यय में कमी के माध्यम से राजकोषीय मजबूती के रास्ते पर है। आर्थिक शोध संस्थान ने कहा कि बीते वित्त वर्ष 2023-24 में केंद्र से महत्वपूर्ण पूंजीगत व्यय हस्तांतरण के कारण राज्यों में पूंजीगत व्यय वृद्धि मजबूत है।

उल्लेखनीय है कि एशियाई विकास बैंक (एडीबी) और फिच रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, वहीं अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स और मॉर्गन स्टेनली ने वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रहने की संभावना जतायी है।

### सलमान के आवास के बाहर गोलीबारी मामला

# दो आरोपियों को 30 अप्रैल तक पुलिस हिरासत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** मुंबई की एक अदालत ने बांद्रा में बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर गोलीबारी के मामले में पंजाब से गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों को शुक्रवार को 30 अप्रैल तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। सुभाष चंद्र (37) और अनुज थापन (32) को मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया। अपराध शाखा ने बृहस्पतिवार को दोनों आरोपियों को पंजाब से गिरफ्तार किया था। दोनों पर गोलीबारी करने वालों को कथित तौर पर हथियार और कारतूस मुहैया कराने का आरोप है। पुलिस ने अदालत को सूचित किया कि आरोपियों की अपराध में संलिप्तता थी और उन्हें तकनीकी साक्ष्य के आधार पर गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने अदालत में कहा कि यह पता लगाने के लिए आरोपियों से पूछताछ करने की जरूरत है कि उन्हें हथियार किसने मुहैया कराए और उन्हें गोलीबारी करने वालों को हथियार देने के लिए किसने कहा। सलमान के आवास के बाहर गोलीबारी करने वाले दोनों आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर लिया गया था। पुलिस ने आरोप लगाया है कि चंद्र और थापन गोलीबारी करने वालों सागर पाल और विक्की गुप्ता को 15 मार्च को दो देशी पिस्तौल और 38 कारतूस सौंपने के लिए पनवेल (मुंबई के पास रायगढ़ जिले में) आए थे। एक अदालत ने पाल (21) और गुप्ता (24) की पुलिस हिरासत 29 अप्रैल तक बढ़ा दी।

पुलिस ने इन चारों आरोपियों के अलावा जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और उसके छोटे भाई अनमोल बिश्नोई को मामले में वांछित आरोपी घोषित किया है। आरोपियों की ओर से पेश वकील अजय दुबे ने दलील दी कि चंद्र और थापन ने अन्य आरोपियों को हथियार उपलब्ध नहीं कराए थे या पनवेल नहीं गए थे और उनका बिश्नोई गिरोह से कोई संबंध नहीं था। उन्होंने कहा कि उनके मुवक्किलों के खिलाफ सभी आरोप निराधार हैं और उन्हें मामले में फंसाया गया है। गुप्ता और पाल 14 अप्रैल की सुबह बांद्रा में गैलेक्सी अपार्टमेंट में खान के आवास के बाहर गोलीबारी के बाद मोटरसाइकिल से फरार हो गए थे। आरोपियों को 16 अप्रैल को गुजरात के कच्छ जिले के माता नो मध गांव से पकड़ा गया था।

बाद में, मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने गोलीबारी में कथित तौर पर इस्तेमाल किए गए हथियारों को बरामद करने के लिए एक तलाशी अभियान के दौरान गुजरात में तापी नदी से दो पिस्तौल, मैगजीन और गोलियां बरामद कीं।

# मतदान केंद्र पर महिला मतदाता को आया कार्डियक अरेस्ट, डॉक्टर ने बचाई जान



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु/दक्षिण भारत।** बेंगलूरु में शुक्रवार को एक मतदान केंद्र पर नारायण हेल्थ सिटी, बोम्मासंद्रा के डॉक्टर ने एक मतदाता की जान बचाई। महिला मतदाता, जो अपनी बारी का इंतजार कर रही थी, को कार्डियक अरेस्ट आया था। उस समय नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. गणेश श्रीनिवास प्रसाद जीवनरक्षक बनकर आए।

यह घटना जेपी नगर 8वें फेज के जंबो सावरी दिने में हुई, जब काफी मतदाता यहां मतदान करने आए थे। डॉ. प्रसाद भी सुबह करीब 9 बजे अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। अचानक एक महिला मतदाता, जिसकी उम्र लगभग 50 साल थी, पानी पीने की कोशिश के दौरान गिरने लगी।

यह देखकर डॉ. प्रसाद और कतार में मौजूद एक अन्य व्यक्ति मदद के लिए तुरंत आगे बढ़े और उन्होंने महिला को जमीन पर गिरने से बचा लिया।

डॉ. प्रसाद ने बताया, 'मैंने नाड़ी की जांच की और पाया कि यह बहुत कम थी। आंखें बाहर की ओर उठ रही थीं। उनके शरीर ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दिखाई और वे हांफ रही थीं। मैंने तुरंत सीपीआर दिया और उनकी हालत में सुधार हुआ।'

त्वरित सीपीआर आगामी चिकित्सा सहायता मिलने तक स्थिति को स्थिर करने में सहायक साबित हुआ। चुनाव ड्यूटी पर मौजूद लोगों ने उन्हें जूस उपलब्ध कराया, वहीं एक एंबुलेंस बुलाई गई, जो केवल पांच मिनट के भीतर पहुंच गई।

महिला को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां आवश्यक चिकित्सा सहायता दी गई।

डॉ. प्रसाद ने कहा, 'अगर देरी हो जाती तो हम उन्हें खो सकते थे। एक समूह के रूप में, हम अपने रोगियों की स्वास्थ्य देखभाल के लिए समर्पित हैं। मैं त्वरित और प्रभावी प्राथमिक उपचार के माध्यम से मरीज की जान बचाने में भूमिका निभाने के लिए आभारी हूं। जिन लोगों की हम सेवा करते हैं, उनकी भलाई सुनिश्चित करने में हमारे सामूहिक प्रयासों पर मुझे गर्व है।'

महिला अपना वोट डालने का अवसर चूक गईं। वहीं, डॉ. प्रसाद के प्रयासों के कारण उसकी जान बच गई। यह घटना आपात स्थिति में सीपीआर जैसी जीवन-रक्षक प्रक्रिया के महत्त्व को भी दर्शाती है। नारायण हेल्थ सिटी ने डॉ. प्रसाद की सराहना की है।

# मद्रास उच्च न्यायालय ने 'बॉण्ड' समझौते के खिलाफ चिकित्सकों की याचिका खारिज की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने तीन चिकित्सकों की ओर से दाखिल उस याचिका को खारिज कर दिया है जिसमें जनस्वास्थ्य एवं निवारक चिकित्सा निदेशक द्वारा प्रासंगिक नियमों के तहत एक बॉण्ड समझौते के आधार पर उन्हें सहायक सर्जन के रूप में नियुक्त करने की कार्यवाही को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति एस एम सुब्रमण्यम ने हाल में दिए आदेश में एस सहाना प्रियंका और दो अन्य की ओर से दायर याचिकाएं खारिज कर दीं। याचिकाकर्ताओं के वकील ने दलील दी कि उनके मुवक्किलों ने कोविड-19 महामारी के दौरान अपनी सेवाएं दीं, इसलिए उक्त अवधि को बॉण्ड शर्तों के अनुसार प्रदान की जाने वाली दो साल की सेवा की कुल अवधि की गणना के लिए गिना जाना था।




वहीं, सरकार की ओर से पैरवी करने वाले वकील ने कहा कि ऐसे कई छात्रों के दावे पर विचार करते हुए, सरकार ने स्वयं 27 अक्टूबर, 2023 के सरकारी आदेश में बॉण्ड की अवधि को दो वर्ष से घटाकर एक वर्ष कर दिया है। उन्होंने कहा कि इसलिए याचिकाकर्ताओं को बॉण्ड शर्तों के अनुपालन में किसी भी सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल में एक वर्ष की सेवा की शर्त पूरी करनी होगी। न्यायाधीश ने कहा कि यह स्वाभाविक है कि सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि बहुत कम शुल्क पर स्नातकोत्तर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले ये डॉक्टर गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा करें। अदालत ने कहा कि जनता को यह अपेक्षा करने का अधिकार है कि विशेषज्ञ अपने प्रशिक्षण के दौरान अपनी सेवा का उपयोग बीमारों, गरीबों और जरूरतमंदों के लाभ के लिए करेंगे। इसने कहा कि याचिकाकर्ता पर्याप्त ज्ञान के साथ योग्य पंजीकृत चिकित्सक हैं और उन्होंने बॉण्ड पर उसे ध्यान से पढ़ने तथा समझने के बाद और नियमों एवं शर्तों से पूरी तरह अवगत होने के बाद ही हस्ताक्षर किए थे। अदालत ने कहा कि यदि चिकित्सकों के इस तरह के रवैये की अनुमति दी गई, तो उन गरीब लोगों पर ध्यान न देने की प्रवृत्ति को बढ़ावा मिलेगा, जिनके खर्च पर उन्होंने शिक्षा प्राप्त की है जो सार्वजनिक हित के विपरीत और अस्वीकार्य है।

# तमिलों के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान से जुड़े दस्तावेज, पांडुलिपी दान करें : तमिलनाडु सरकार

**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार ने शुक्रवार को लोगों से हुमायूं महल के परिसर में बनने वाले स्वतंत्रता दिवस संग्रहालय में प्रदर्शन के लिए भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में तमिलों के योगदान को दर्शाने वाले अमूल्य दस्तावेज, पांडुलिपियां और उनके पास मौजूद कोई भी अन्य सामग्री दान करने का आह्वान किया। सरकार ने एक विज्ञप्ति में कहा कि मरीना बीच के सामने स्थित हुमायूं महल को 80,000 वर्ग फुट क्षेत्र में संग्रहालय बनाने के लिए चिह्नित किया गया है। भारतीय-सारसेनी वास्तुकला से 1770 में बनी यह संरचना 2012 में एक आग दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हो गई थी और बाद में इसका नवीनीकरण किया गया था। विज्ञप्ति में कहा गया, स्वतंत्रता संग्राम में तमिलों का योगदान महान है। मुख्यमंत्री (एम. के. स्टालिन) ने 75वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान घोषणा की कि तमिलनाडु के लोगों के बलिदान और स्वतंत्रता संग्राम में मजबूत भागीदारी की याद में एक संग्रहालय स्थापित किया जाएगा।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि जीवन के सभी क्षेत्रों के लोग इस संग्रहालय के निर्माण में अपना योगदान दे सकते हैं और उनसे प्रस्तावित संग्रहालय के लिए रिकॉर्ड, पांडुलिपियां, समाचार पत्र (उस समय के), जेल के टोकन, चरखे, ताम्रपत्र, आईएनए वर्दी, आईएनए डाक टिकट और मुद्राएं दान करने का अनुरोध किया जाता है। इसमें कहा गया कि यह योगदान चेन्नई संग्रहालय या 23 जिलों में स्थित संग्रहालयों में किया जा सकता है।

# कर्नाटक की 14 सीट पर करीब 69 प्रतिशत मतदान

## मंड्या में सर्वाधिक 81.48 प्रतिशत मतदान

## बेंगलूरु सेन्ट्रल में सबसे कम 52.81 प्रतिशत मतदान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** कर्नाटक में शुक्रवार को 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 69 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। निर्वाचन अधिकारियों के अनुसार शाम राज्य में 69.23 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ था और शाम छह बजे संपन्न हुआ। कर्नाटक की इन 14 लोकसभा सीट में से सबसे अधिक मंड्या में 81.48 प्रतिशत दर्ज किया गया। इसके बाद कोलार में 78.07 प्रतिशत और सबसे कम मतदान बेंगलूरु मध्य में 52.81 प्रतिशत दर्ज किया गया। कांग्रेस सभी 14 सीट पर चुनाव लड़ रही है जबकि भाजपा ने 11 सीट पर और उसके गठबंधन साझेदार जद(एस) ने तीन सीट हासन मंड्या और कोलार सीट पर उम्मीदवार उतारे हैं। इन तीन सीट के अलावा शुक्रवार को जिन निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान हुआ उनमें उडुप्पी-चिकमगलुरु में 76.06 प्रतिशत, दक्षिण कन्नड़ में 77.43 प्रतिशत, चित्रदुर्गा में 73.11 प्रतिशत, तुमकुर में 77.70 प्रतिशत, मैसूरु में 70.45 प्रतिशत, चामराजनगर76.59 प्रतिशत, बेंगलूरु ग्रामीण में 67.29 प्रतिशत, बेंगलूरु उत्तर में 54.42 प्रतिशत, बेंगलूरु मध्य में 53.15 प्रतिशत बेंगलूरु दक्षिण में52.81 प्रतिशत और चिकबल्लापुर में 76.82 प्रतिशत मतदान हुआ। शामिल हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और जद (एस) ने गठबंधन में चुनाव लड़ा था और इन दलों ने इन 14 लोकसभा क्षेत्रों में केवल एक-एक सीट हासिल की थी। भाजपा ने 11 में जीत हासिल की थी और मंड्या में पार्टी समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार की जीत हुई थी। पूर्व प्रधानमंत्री और जद (एस) के संरक्षक एचडी देवेगौड़ा ने हासन जिले के पदुवलाहिप्पे गांव में अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जबकि उनके बेटे और पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने पत्नी अनीता और बेटे निखिल के साथ रामनगर जिले के केथागनहल्ली में मतदान किया।

वर्ष 2019 लोकसभा चुनाव में कर्नाटक की इन 14 सीटों पर 68.96 प्रतिशत मतदान हुआ था और विधानसभा चुनाव 2023 में 74.69 प्रतिशत मतदान रिकार्ड किया गया था।

# दक्षिण कन्नड़ लोकसभा क्षेत्र में करीब 77.44% मतदान हुआ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मगलूरु।** कर्नाटक की 14 लोकसभा सीट के साथ तटीय दक्षिण कन्नड़ संसदीय सीट पर शुक्रवार शाम छह बजे तक लगभग 77.44 प्रतिशत मतदान रिकार्ड किया गया। दक्षिण कन्नड़ लोकसभा सीट के जिला निर्वाचन अधिकारी तथा उपायुक्त मुल्लई मुहिलान ने यहां 'पीटीआई भाषा' को बताया कि आज शाम छह बजे तक कुल 77.44 प्रतिशत मतदान रिकार्ड किया गया है। उनके अनुसार वैसे अभी भी दूर दराज के अनेक इलाकों के आंकड़ों को एकत्रित किया जाना शेष है, ऐसे में मतदान प्रतिशत बढ़ने की संभावना है।

मुहिलान ने बताया कि पूरे दक्षिण कन्नड़ लोकसभा क्षेत्र में कहीं से किसी गडबड़ी या हिंसा की बड़ी खबर नहीं है और लोगों ने सुबह से ही शांतिपूर्ण ढंग से अपने घरों से बड़ी संख्या निकल कर मतदान किया। उन्होंने बताया कि दक्षिण कन्नड़ लोकसभा क्षेत्र में सभी 1876 मतदान केन्द्रों पर मतदान सुचारु रूप से संपन्न हुआ। इस बीच कर्नाटक राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार मीणा ने 'पीटीआई भाषा' को बताया कि राज्य में 28 में से जिन 14 लोकसभा क्षेत्रों में आज मतदान हुआ, उनमें मतदान का समय शाम छह बजे समाप्त होने तक कुल मिलाकर 67.38 प्रतिशत मतदान हुआ है। हालांकि अभी अंतिम आंकड़े कई इलाकों से आने शेष हैं। दक्षिण कन्नड़ लोकसभा क्षेत्र में आज कुल 1876 मतदान केन्द्रों पर 1818127 मतदाताओं में से 77.44 प्रतिशत ने वोट डाला।

# कन्नड फिल्म उद्योग के सितारों ने भी अपने मताधिकार का किया इस्तेमाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु/भाषा।** कन्नड़ फिल्म उद्योग के सितारों ने इस बार भी लोकसभा चुनाव के दौरान निराश नहीं किया और शुरुआती घंटों में भी अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर अपने प्रशंसकों को इस संवैधानिक अधिकार के इस्तेमाल के लिए प्रेरित किया। कर्नाटक की 28 लोकसभा सीट में से 14 पर दूसरे चरण में शुक्रवार को मतदान संपन्न हुआ।

अभिनेता और राजनीतिक कार्यकर्ता प्रकाश राज उन फिल्मी हस्तियों में शामिल रहे, जो मतदान शुरू होने के कुछ देर बाद ही अपने संवैधानिक अधिकार का इस्तेमाल कर अपने लोकतांत्रिक कर्तव्य का निवर्हन किया।

बेंगलूरु मध्य लोकसभा क्षेत्र के सेंट जोसफ इंडियन हाईस्कूल मतदान केंद्र में वोट डालने के बाद प्रकाश राज ने पीटीआई-वीडियो' से कहा, मेरा मत उस उम्मीदवार के लिए है, जिस पर मुझे भरोसा है और दूसरी बात, (मेरा मत) दलों के घोषणापत्र में उल्लेख किए गए मुद्दों के लिए है। मैंने नफरत और देश को बांटने वाले लोगों के खिलाफ वोट किया है। मैंने अपने निर्वाचन क्षेत्र से एक अच्छे प्रतिनिधि को चुनने के लिए वोट दिया है।

मंड्या में कांग्रेस उम्मीदवार वेंकटरमणे गौड़ा के पक्ष में चुनाव प्रचार करने वाले अभिनेता दर्शन ने राजराजेश्वरी नगर में मतदान किया, जो बेंगलूरु ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र का हिस्सा है। उन्हें स्टार चंद्रू के नाम से जाना जाता है। हालांकि, मतदान करने के बाद उन्होंने कोई भी टिप्पणी करने से इनकार किया। अभिनेता और नेता उपेन्द्र को बेंगलूरु दक्षिण के काथिरिगुप्पे में मतदान करते देखा गया। उनका अपना राजनीतिक संगठन उत्तम प्रजाकीया पार्टी है। उपेंद्र ने मतदान के बाद संवाददाताओं से कहा, देश के लिए, राज्य के लिए, अपने बच्चों के लिए वोट करें... यह लोकतंत्र के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन है, सभी को इस दिन का सम्मान करना चाहिए।

सभी को मतदान करना चाहिए, विशेषकर युवाओं और पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं को। बेंगलूरु में औसतन 70 प्रतिशत मतदान होता है, अगर बाकी के 30 प्रतिशत मतदाता भी मतदान करें तो यह सच्चा लोकतंत्र होगा।

विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का समर्थन करने वाले अभिनेता किच्चा सुदीप इस बार राजनीतिक दलों से दूर रहे, लेकिन बेंगलूरु दक्षिण सीट के तहत जे पी नगर में मतदान करने वाले शुरुआती मतदाताओं में शामिल रहे। मतदान केंद्र से लौटते समय सुदीप ने कहा, यह बड़ा दिन है। मतदान उम्मीद है न कि आश्वासन। हमारे देश में समस्याएं बढ़ रही हैं। अब अनुरोध यह नहीं होना चाहिए कि घर से निकलकर मतदान करें, बल्कि अनुरोध यह होना चाहिए कि किस नेता के लिए मतदान करें।''

इस बीच, अभिनेता गणेश को राजाराजेश्वरी नगर में अपने निर्धारित मतदान केंद्र पर अपनी पत्नी शिल्पा गणेश के साथ लंबी कतार में खड़े देखा गया। उन्होंने कतार में इंतजार करते हुए संवाददाताओं से कहा, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कतार लंबी है और कुछ समय इंतजार करना होगा। हर किसी को बिना चूके मतदान करना चाहिए, क्योंकि यह देश के प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी भी है।

सदाशिव नगर (बेंगलूरु उत्तर) में पूर्णप्रज्ञा शिक्षा केंद्र के शुरुआती मतदाताओं में कन्नड़ फिल्म उद्योग का पहला परिवार भी शामिल था। अभिनेता और निर्माता राघवेंद्र राजकुमार, उनके बेटे और अभिनेता युवा और विनय राजकुमार के साथ-साथ दिवंगत अभिनेता पुनीत राजकुमार की पत्नी अश्विनी को वोट डालते हुए मतदान केंद्र पर देखा गया। राघवेंद्र राजकुमार ने मतदान के बाद कहा, मतदान कोई धर्मार्थ कार्य नहीं है; यह एक अधिकार है। मैं सभी मतदाताओं से आग्रह करता हूं कि वे उसे वोट दें जिसे वे सोचते हैं कि वह अपने लोगों के लिए सबसे अधिक काम कर सकता है।''

सुपरस्टार यश अपनी पत्नी राधिका पंडित के साथ दोपहर के बाद बेंगलूरु दक्षिण सीट के अंतर्गत होसाकेरेहल्ली मतदान केंद्र पर अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने पहुंचे। इस बीच, अभिनेता ध्रुव सरजा ने संवाददाताओं से कहा कि यदि आवश्यक हो तो अपने पैतृक स्थान जाना चाहिए, जहां उनका मत पंजीकृत है और मतदान करना चाहिए। सुपरस्टार ऋषभ शेट्टी ने अपने पैतृक निवास दक्षिण कन्नड़ में मतदान किया और स्याही लगी उंगली के साथ तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की।

# कर्नाटक में मोदी लहर नहीं, कांग्रेस सरकार के समर्थन में जनता : सिद्दरामैया




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मैसूरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में कोई 'मोदी लहर' नहीं है बल्कि जनता कांग्रेस सरकार की गारंटी योजना का समर्थन कर रही है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी राज्य की कुल 28 लोकसभा सीट में से 20 पर जीत दर्ज करेगी। सिद्दरामैया, मैसूरु जिले के अपने गृह गांव में मतदान करने के बाद संवाददाताओं को संबोधित कर रहे थे। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में कर्नाटक की 14 सीटों पर शुक्रवार को मतदान हो रहा है।

सिद्दरामैया ने कहा, ''कर्नाटक में मोदी लहर नहीं बल्कि गारंटी की लहर है। कांग्रेस करीब 20 सीट पर जीत दर्ज करेगी क्योंकि हमारी गारंटी योजनाएं जन-जन तक पहुंची हैं और बिना किसी बिचौलिये के हर महीने लोगों के बैंक खातों में सीधे पैसे पहुंचाए जा रहे हैं।'' उन्होंने विश्वास जताया कि जनता कांग्रेस को आशीर्वाद दे रही है जैसा पिछले साल विधानसभा चुनाव के दौरान हुआ था। सिद्दरामैया की पार्टी ने विधानसभा चुनावों में शानदार जीत हासिल की थी।

कर्नाटक में पहले दौर के चुनाव में कांग्रेस 14 में से कितनी सीट पर जीत हासिल करेगी ? इस सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा, ''अभी कहना उचित नहीं होगा क्योंकि यह एक राज है लेकिन हम ज्यादातर सीट पर जीत हासिल करेंगे।'' राज्य की बाकी बचीं 14 सीट पर दूसरे दौर का मतदान सात मई को होगा। ज्यादातर सीट राज्य के उत्तरी हिस्से में हैं। प्रधानमंत्री मोदी के हालिया भाषण को 'हताशा से भरा' करार देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, ''उन्होंने जो भाषण दिये, वह देश के प्रधानमंत्री के तौर पर नहीं थे। वह असंवैधानिक हैं। इसलिए मुझे लगता है कि वह हताश हैं और उन्हें हार का डर सता रहा है।'' सिद्दरामैया ने जनता दल सेक्युलर (जदएस) के दिग्गज नेता एचडी देवेगौड़ा पर 'अवसरवादी राजनीति' में शामिल होने का आरोप लगाया और प्रचार अभियान के दौरान कथित तौर पर भावुक होने व आंसू बहाने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री पर तंज कसा। उन्होंने कहा, ''लोग जानते हैं कि घड़ियाली आंसू हैं। अगर जनता का साथ रहा तो हम राजनीति कर सकते हैं लेकिन अगर साथ छूट गया तो बचना नामुमकिन है, ....तो फिर आंसू बहाने का क्या मतलब है।''

# चामराजनगर जिले में ग्रामीणों के दो समूहों में झड़प, ईवीएम को क्षतिग्रस्त किया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** कर्नाटक में चामराजनगर जिले के इंडिगनाथा गांव में शुक्रवार को एक मतदान केंद्र पर लोकसभा चुनाव में मतदान करें या न करें' के मुद्दे पर दो समूहों में झड़प हो गई और इस दौरान इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। जिला प्रशासन के मुताबिक पहले ग्रामीणों ने पर्याप्त बुनियादी ढांचा विकास नहीं होने का हवाला देते चुनाव का बहिष्कार करने का फैसला किया था; लेकिन स्थानीय अधिकारियों के आश्वासन एवं प्रयास के बाद मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई।

प्राथमिक सूचना के अनुसार एक समूह मतदान करने के पक्ष में था जबकि दूसरा समूह उसका बहिष्कार करने पर अड़ा था। इस बात को लेकर दोनों के बीच झड़प हो गयी और उसी दौरान उन्होंने ईवीएम को क्षतिग्रस्त कर दिया एवं पथराव भी किया।

अवर मुख्य निर्वाचन अधिकारी (कर्नाटक) वेंकटेश कुमार ने कहा, ''प्राथमिक सूचना के मुताबिक ग्रामीणों के दो समूहों के बीच झड़प हुई। वे किसी राजनीतिक दल से जुड़े नहीं थे लेकिन उन्होंने गांव में सड़क नहीं बनने की शिकायत की।'' उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र के सारे फर्नीचर भी तोड़ दिये गये।

उन्होंने कहा, ''ईवीएम को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया गया। मतदान अधिकारियों को कोई चोट नहीं लगी क्योंकि वे वहां से सुरक्षित निकलने में सफल रहे। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। हमें विस्तृत रिपोर्ट मिल रही है जिसके बाद निर्वाचन आयोग अगली कार्रवाई तय करेगा।

कुमार ने कहा कि इस घटना में शामिल लोग फरार हैं और पुलिस उन्हें पकड़ने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, अब स्थिति नियंत्रण में है परंतु ईवीएम नष्ट होने की वजह से हमें मतदान की स्थिति का पता करना है...।

# धर्म के आधार पर वोट मांगने को लेकर भाजपा प्रत्याशी तेजस्वी सूर्या के खिलाफ मामला दर्ज : निर्वाचन आयोग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** सोशल मीडिया मंच पर कथित रूप से एक वीडियो पोस्ट करने एवं धर्म के आधार पर वोट मांगने को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद तथा बेंगलूरु दक्षिण से पार्टी प्रत्याशी तेजस्वी सूर्या के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया है। निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

सूर्या कांग्रेस उम्मीदवार सौम्या रेड्डी के विरुद्ध चुनाव लड़ रहे हैं जो कर्नाटक के परिवहन मंत्री रामलिंगा रेड्डी की बेटी हैं।

कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने 'एक्स' पर लिखा, एक्स हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट करने तथा धर्म के आधार पर वोट मांगने को लेकर 25 अप्रैल को जयनगर थाने में सांसद एवं बेंगलूरु दक्षिण से (भाजपा) प्रत्याशी तेजस्वी सूर्या के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# नर्स और चिकित्सकों के साथ मतदान करने पहुंचे 41 मरीज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** मणिपाल हॉस्पिटल ग्रुप ने बृहत बेंगलूरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) की मदद से 41 मरीजों को शुक्रवार को लोकसभा चुनाव में मतदान करने में सहायता की।

अस्पताल के मुताबिक, अस्पताल प्रशासन ने मरीजों को अपने लोकतांत्रिक अधिकार का इस्तेमाल करने में मदद के लिए अपनी एंबुलेंस सेवा उपलब्ध करायी। लोकसभा क्षेत्रों में सुगम आवाजाही और मतदान के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया था।

मणिपाल अस्पताल के मुख्य परिचालन अधिकारी कार्तिक राजगोपाल ने बताया कि मरीजों की संपूर्ण स्वास्थ्य जांच और उनके चिकित्सकों से मंजूरी प्राप्त करने के बाद उन्हें अस्पताल के वाहनों में मतदान केंद्रों तक ले जाया गया। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, चिकित्सकीय रूप से फिट सभी 41 मरीजों को उनके निर्वाचन क्षेत्रों में ले जाया गया, जहां उनके साथ नर्सें और एक चिकित्सक सहित अन्य अधिकारी भी थे।

# मुख्यमंत्री सिद्दरामैया हताशा के कारण प्रधानमंत्री के खिलाफ बोल रहे हैं : शोभा करंदलाजे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे ने शुक्रवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया पर निशाना साधते हुए कहा कि वह 'हताशा' के कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं।

बेंगलूरु उत्तर से लोकसभा उम्मीदवार करंदलाजे ने पीटीआई-वीडियो' से कहा, पूरा देश नरेन्द्र मोदी के साथ है, केवल सिद्दरामैया उनके खिलाफ बोल रहे हैं। उन्होंने लोगों से मताधिकार का प्रयोग करने की अपील करते हुए कहा, आज



लोकतंत्र का जश्न मनाने का दिन है। यह लोकतंत्र का उत्सव है। केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण राज्यमंत्री ने कहा, यह चुनाव तय करेगा कि कौन हमारा अगला प्रधानमंत्री होगा। अगर आप मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहते हो तो आपको मतदान केंद्र जाना चाहिए। करंदलाजे ने कहा कि उन्हें लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के 400 सीटों का आंकड़ा पार करने की उम्मीद है, क्योंकि लोग देश के विकास और सुरक्षा के लिए मोदी के साथ खड़े हैं।

# के. सुधाकर के खिलाफ रिश्वतखोरी का मामला दर्ज, 4.8 करोड़ नकद जब्त

**बेंगलूरु।** निर्वाचन आयोग ने कहा कि रिश्वतखोरी और मतदाताओं को प्रभावित करने के आरोप में भाजपा के उम्मीदवार के. सुधाकर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और उनके पास से 4.8 करोड़ नकद जब्त किए गए हैं। आयोग ने बताया कि चिकबल्लापुर के उड़न दस्ते (एफएसटी) ने यह कार्रवाई की है। कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चिकबल्लापुर के एफएसटी ने 4.8 करोड़ नकद जब्त किए हैं। चिकबल्लापुर निर्वाचन क्षेत्र की राज्य निगरानी टीम ने 25 अप्रैल को भाजपा उम्मीदवार के सुधाकर के खिलाफ एक प्राथमिकी भी दर्ज कराई है।

# सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए नफरत और दुश्मनी फैलाने के लिए सीटी रवि पर मुकदमा दर्ज : चुनाव आयोग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता सी.टी. रवि पर अपने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से लोगों के बीच कथित तौर पर नफरत और दुश्मनी फैलाने के लिए शुक्रवार को मुकदमा दर्ज किया गया। निर्वाचन आयोग ने यह जानकारी दी। आयोग ने बताया कि यह कार्रवाई चिक्कमगलुरु के चुनाव अधिकारियों ने की है।

कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने 'एक्स' पर कहा कि चिकमगलुरु चुनाव अधिकारियों ने विभिन्न वर्गों के बीच कथित तौर पर नफरत और दुश्मनी फैलाने के लिए सीटी रवि के खिलाफ बसवनहल्ली थाने में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 505 (2) (वर्गों के बीच शत्रुता पैदा करने, नफरत फैलाने वाले बयान देना) के उल्लंघन के लिए प्राथमिकी दर्ज कराई है।







# राजस्थान में दूसरे चरण में 64.6 प्रतिशत मतदान





दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**जयपुर/भाषा।** राजस्थान की 13 लोकसभा सीट पर दूसरे चरण का मतदान शुक्रवार को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष संपन्न हो गया। राज्य में दो चरणों में मतदान हुआ है।

द्वितीय चरण के तहत शुक्रवार को टोंक-सवाई माधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालोर, उदयपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़-बारां लोकसभा क्षेत्रों में शुक्रवार को मतदान हुआ। दूसरे चरण में इन 13 निर्वाचन क्षेत्रों के 28,758 मतदान केंद्रों पर नव विवाहित जोड़ों, दिव्यांग, तृतीय लिंगी, आदिवासियों, वृद्धों और युवाओं सहित सभी मतदाताओं ने मतदान में उत्साहपूर्वक भागीदारी की। प्रथम चरण के तहत 19 अप्रैल को 12 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान हुआ था।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि दूसरे चरण वाले 13 लोकसभा क्षेत्रों में 64.6 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है जिसमें डाक मतपत्रों के माध्यम से किया गया 0.49 प्रतिशत मतदान भी शामिल है। उनके अनुसार बागीदौरा विधानसभा क्षेत्र में हुए उपचुनाव में ईवीएम से करीब 77 प्रतिशत मतदान हुआ है।

गुप्ता ने बताया कि चुनाव से जुड़े दस्तावेजों की जांच के बाद 27 अप्रैल तक ही मतदान प्रतिशत के अंतिम आंकड़े प्राप्त हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि शाम छह बजे तक भी कई स्थानों पर मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें




लगी थीं। उनके अनुसार शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे से मतदाता बड़ी संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग करने पहुंचने लगे।



गुप्ता ने बताया कि इन 13 निर्वाचन क्षेत्रों में अनंतिम रूप से 64.6 प्रतिशत मतदान हुआ है। वर्ष 2019 में इन क्षेत्रों में 68.42 प्रतिशत मतदान हुआ था। उन्होंने बताया कि कोटा और बाड़मेर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 2019 के मुकाबले मतदान प्रतिशत बढ़ा है। उनके अनुसार कोटा में 2019 में 70.22 प्रतिशत मतदान हुआ था, इस बार यह आंकड़ा 71.42 प्रतिशत हो गया है।

गुप्ता के अनुसार बाड़मेर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 2019 में 73.3 प्रतिशत मतदान हुआ था, इस वर्ष इस क्षेत्र में 74.25 प्रतिशत मतदान हुआ है। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण वाले 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से 2019 में सर्वाधिक 73.13 फीसदी मतदान बाड़मेर लोकसभा क्षेत्र और सबसे कम 62.31 प्रतिशत मतदान पाली लोकसभा क्षेत्र में हुआ था। अंनतिम आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष सर्वाधिक 74.25 प्रतिशत मतदान बाड़मेर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हुआ है।

गुप्ता ने बताया कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव के लिए कानून व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए। उनके मुताबिक प्रदेश में 3,28,515 अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा मतदान करवाया गया। उन्होंने बताया कि शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के लिए कुल 1,59,449 सुरक्षाकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई जिनमें राजस्थान पुलिस के कार्मिकों के साथ-साथ, होमगार्ड, फॉरेस्ट गार्ड एवं आरएसी जवान शामिल थे। उन्होंने बताया कि केंद्रीय पुलिस बलों की 175 कंपनियों ने भी मतदान के दौरान कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा में सहयोग किया। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव के तहत प्रदेशभर में 5,35,08,010 मतदाता पंजीकृत हैं।

## वोट देन अफ्रीका से आए पति-पत्नी



**सिरोही/एजेन्सी।** राजस्थान में दूसरे व अंतिम चरण के मतदान शुक्रवार को हुए। इसमें मतदाताओं में तेज गर्मी के बावजूद खासा उत्साह देखने को मिला। यहां एक दम्पत्ति अफ्रीका से मतदान के लिए अपने घर लौटा है। अफ्रीका के मोरक्को में निवासरत चिराग संगतानी व मनीषा संगतानी तीन दिन पूर्व ही मतदान के लिए जिले के आबूरोड पहुंचे। मतदान दिवस पर अपने बूथ पहुंचकर दोनों ने मतदान किया। चिराग संगतानी ने बताया कि मतदान करने के लिए अपने घर लौटे थे। उन्होंने पिछले दस वर्षों में जो देश में विकास हुआ है और जो आगे भी हो, उसे देखकर वोट किया है।

## भाजपा सभी 25 लोकसभा सीटें जीतेगी : भजनलाल

**जयपुर/वार्ता।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत 13 सीटों पर शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न होने पर आमजन का आभार व्यक्त किया है। मतदान संपन्न होने के बाद शर्मा ने कहा कि आज का मतदान यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अद्भुत और मजबूत नेतृत्व में युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गों के दृढ़ विश्वास को दिखा रहा है। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सभी 25 लोकसभा सीटें पर जीत की हैट्रिक का इतिहास बनाएगी। शर्मा ने कहा कि विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए जनता जनार्दन ने अपने मत का सदुपयोग किया है।



डूंगरपुर के एक पोलिंग बूथ पर हल्दी रस्म के दौरान मतदान करने पहुंची दुल्हन। प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।



## ढोल नगाड़ों के साथ दूल्हा पहुंच पोलिंग बूथ



**उदयपुर/एजेन्सी।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में राजस्थान में कम मतदान के बाद दूसरे चरण में उत्साह देखने को मिल रहा है। मतदान शुरू होने से पहले ही बूथ पर कतार लग गई। उदयपुर के चित्तौड़ संसदीय सीट पर मतदान के दौरान देबारी पंचायत में एक दूल्हा बारात चढ़ाने से पहले पूरी बारात सहित ढोल धमाके से वोटिंग करने पहुंचा। देबारी निवासी जितेंद्र वैष्णव की बारात देबारी से 50 किमी दूर देलवाड़ा जाने से पहले पोलिंग बूथ पर पहुंची। मतदान दिवस से पूर्व उप सरपंच चंदन सिंह देवडा ने तमाम बारातियों को भी पहले वोट फिर शादी के लिए प्रेरित किया। देवरी पंचायत के पोलिंग बूथ पर जब दूल्हा और बाराती गाजियाबाद के साथ वोट डालने पहुंचे तो पूरा माहौल ही उत्साहित हो उठा।

# बेकाबू कार का कहर, 11 लोगों को बुरी तरह से रौंद डाला, 3 की मौत

**दौसा/एजेन्सी।** राजस्थान के दौसा जिले के महुआ शहर में एक बेकाबू कार का कहर सामने आया है। यहां गुरुवार रात को एक कार चालक के नियंत्रण से बाहर हो गई और झुग्गी झौंपड़िया में जा घुसी। कार वहां सो रहे लोगों पर जा चढ़ी। उस समय अधिकतर लोग नींद में थे। इस कार ने 11 लोगों को कुचल दिया। इनमें से तीन की दर्दनाक मौत हो गई और शेष गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद वहां कोहराम मच गया। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां से उन्हें जयुपर रेफर कर दिया गया है।

पुलिस के अनुसार महुआ शहर में यह हादसा में टीकाराम पालीवाल स्कूल के सामने हुआ। वहां स्थित झुग्गी झौपड़िया में रह रहे लोग रात



को बेफिक्र होकर चैन की नींद सो रहे थे। उसी दौरान तेज गति से एक कार दनदनाती हुई उन झौंपड़ियों में जा घुसी। इन झौपड़ियों में 11 लोग सो रहे थे। बकाबू कार ने इन सभी को रौंद डाला। इससे वहां चीख पुकार मच गई। कार बाद में वहीं पर फंसकर रह गई।

चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़े। वहां के हालात देखकर वे सन्न रह गए। उन्होंने तत्काल स्थानीय थाना पुलिस को सूचना दी। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों तथा मृतकों को महुआ अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टर्स ने तीन को मृत घोषित कर दिया और शेष का इलाज शुरू कर दिया। हादसे में मारे गए तीन लोगों में एक मासूम बच्ची भी शामिल है।

घायलों में से छह की हालत गंभीर होने के कारण उनको प्राथमिक उपचार देकर जयपुर रेफर कर दिया गया। दो घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस झुग्गी झौंपड़ियां में फंसी कार को जब्त कर उसके चालक को गिरफ्तार कर लिया है। तीनों मृतकों के शवों को महुवा के सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। वहां आज उनका पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोप में दुकानदार गिरफ्तार

**चूरू/वार्ता।** राजस्थान में रतनगढ़ थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक नाबालिग बच्ची के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक जय यादव ने बताया कि गत 20 अप्रैल को थाना रतनगढ़ क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दी कि उसकी नाबालिग बेटी सामान लेने के लिए पास ही में दुकान पर गई थी तो आरोपी दुकानदार सागर अली उर्फ असगर ने उसे टॉफी का लालच देकर उससे अश्लील हरकत की और किसी को नहीं बताने के लिए धमकी दी। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया एवं उसके खिलाफ संबंधित धाराओं एवं पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की गिरफ्तारी के विशेष टीम का गठन किया गया था।

# नक्सलियों के हमले में पिता शहीद, बेटी का सीआरपीएफ ने किया कन्यादान

**अलवर/एजेन्सी।** सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स यानि सीआरपीएफ सिर्फ देश सेवा और नागरिकों की रक्षा ही नहीं करता, बल्कि समाज सेवा में भी सबसे आगे है। उसने ऐसा ही जज्बा फिर से पेश किया। इस बार जगह अलवर है। सीआरपीएफ की बटालियन ने मिलकर एक बेटी का कन्यादान किया। ये बेटी उनके अपने ही साथी की है जो देश सेवा में अपना कर्तव्य निभाते हुए शहीद हो गया था।

अलवर जिले के दुब्बी गांव में माहौल खुशी का था जो भावनाओं से भर गया। इस गांव में मंडप सजा था एक ऐसी बेटी का जिसके पिता देश की सेवा करते हुए शहीद हो गए। लेकिन सीआरपीएफ जीवन के साथ भी और जीवन के बाद भी साथ है। फोर्स के अफसर से लेकर



जवानों तक ने अपने शहीद साथी की बेटी के मिलकर हाथ पीले किए।

शहीद राकेश मीणा के चार बेटियां हैं। सबसे बड़ी बेटी सारिका की शादी थी। शहीद के चाचा और पंच रामप्रसाद ने बताया सारिका की शादी नरेन्द्र मीणा पुत्र मानसिंह निवासी कटहड्या कल्याणपुर कठूमर के साथ हुई। इस शादी में सीआरपीएफ के आला-अधिकारियों ने पहुंचकर सारिका का कन्या दान किया। शादी में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स समूह केन्द्र अज़मेर से डीआईजी संजय के साथ दो कमांडेंट, इंस्पेक्टर, राजगढ़ पुलिस उपाधीक्षक मनीषा मीना पहुंचीं। सीआरपीएफ कोष से 1 लाख 51 हजार की सहायता मैरीज प्रमाण पत्र जारी होते ही सारिका के खाते में डाले जाएंगे। केन्द्र समूह प्रथम अज़मेर बटालियन की तरफ़ से बेटी को शादी में एसी, मिक्सर, इलेक्ट्रॉनिक चूल्हा सहित अन्य सामान गिफ्ट दिए गए और 21 हज़ार रुपए नगद देकर कन्या दान किया।

### जवानों ने तानी चुनरी

सीआरपीएफ के जवान चुनरी की छांव में बिटिया सारिका को स्टेज़ पर लाए और अधिकारियों, जवानों और शादी में शामिल अतिथियों ने वर वधु को आशीर्वाद दिया। घर से विदा होने से पहले वर वधु ने अपने शहीद पिता के स्मारक पर पहुंचकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद परिवार और गांव वालों ने बिटिया सारिका को विदा किया।

## भेंट



राज्यपाल कलराज मिश्र को शुक्रवार को राजभवन में सड़क सुरक्षा जागरूकता के आलोक में तैयार 'ट्रैफिक टेल्स' ग्राफिक नोवल भेंट किया गया। 'मुस्कान: फाउंडेशन फॉर रोड सेफ्टी' द्वारा प्रकाशित इस अंग्रेजी नोवल में सड़क पर वाहन चलाने से संबंधित सावधानियां, दुर्घटना से बचाव और सड़क सुरक्षा से संबंधित सावधानियों को चितकथारूप में संयोजित किया गया है। राज्यपाल मिश्र ने इस प्रयास की सराहना की है।



## मछली पकड़ने के चक्कर में एक ही परिवार के चार सदस्य पानी में डूबे

**पाली/एजेन्सी।** पाली जिले के नाणा थाना क्षेत्र के चामुंडेरी गांव में गुरुवार देर रात तालाब में मछली पकड़ने उतरे एक ही परिवार के चार सदस्यों की डूबने से मौत हो गई। शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने जब तालाब में एक शव तैरता हुआ देखा तो घटना की सूचना पुलिस व परिजनों को दी।

मृतकों की पहचान चामुंडेरी गांव निवासी वर्षीय दिनेश कुमार वाल्मीकी (40) उसका 17 वर्षीय पुत्र गौरव और 15 वर्षीय पुत्र एवं उसके 16 वर्षीय के भांजे मोहित पुत्र विनोद कुमार निवासी पाली के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ये चारों गुरुवार रात करीब 11 बजे गांव के निकट पहाड़ियों में स्थित तालाब मछली पकड़ने गए थे। संभवत: फिसलन के चलते एक-दूसरे को बचाने के चक्कर में सभी तालाब में डूब गए।

# मौसम का जोरदार कोहराम, आंधी-तूफान-बारिश, 3 की मौत

**जयपुर/एजेन्सी।** राजस्थान में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए चल रहे मतदान के दौरान आज मौसम ने पलटी मारकर कोहराम मचा गया। हालांकि आज मौसम ने सुबह से ही अपना मिजाज बदलने के संकेत दे दिए थे लेकिन दोपहर बाद इसने जो पलटी मारी वह जानलेवा साबित हुई। मौसम के बिगड़े मिजाज के चलते चित्तौड़गढ़ में गिरी आकाशीय बिजली के कारण तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं अजमेर समेत कई इलाकों में जोरदार बारिश हुई।

मौसम के बिगड़े मिजाज का सबसे ज्यादा कहर चित्तौड़गढ़ जिले में सामने आया। यहां रावतभाटा इलाके में आकाशीय बिजली गिरने से तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं चार लोग गंभीर रूप से झुलस गये। उन्हें उपचार के लिये स्थानीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। दरअसल यहां सुबह से आसमान में काले बादल छाये हुए थे। इसके साथ ही मौसम विभाग की चेतावनी के अनुसार जिले के विभिन्न क्षेत्र में तेज हवाओं के साथ हुई बेमौसम बरसात हुई। रावतभाटा क्षेत्र के भूंजर कला गांव में आकाशीय बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई। चार लोग गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें उपचार के लिये चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

दोपहर बाद अजमेर के विजयनगर उपखंड में अचानक तेज बारिश का दौर शुरू हो गया। बारिश से जहां मतदान में व्यवधान पड़ा वहीं जनजीवन भी अस्त व्यस्त हो गया। अजमेर के केकड़ी में भी अच्छी बारिश हुई. जयपुर ग्रामीण इलाके के चाकसू में भी अचानक मौसम बिगड़ गया। वहां भी तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। इस दौरान चने के आकार के ओले गिरे। तेज अंधड़ के कारण कई स्थानों पर पेड़ धराशाही हो गए। पूर्वी राजस्थान के धौलपुर में तेज हवाओं के साथ धूल भरी आंधी चली। दौसा जिले में भी मौसम का मिजाज बदला।

# कांग्रेस अपने घोषणा पत्र के जरिए देना चाहती है गोमांस खाने का अधिकार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुरादाबाद/लखनऊ/भाषा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'इंडि' गठबंधन और इसके प्रमुख घटक दल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग अल्पसंख्यकों को उनकी पसंद के खाने की छूट देना चाहते हैं, यानी ये गोकशी की छूट देने की बात कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, 'ये बेशर्म लोग हमारी गाय को खाने की छूट देंगे, जबकि हमारा शास्त्र गाय को विश्व माता कहता है, उस गाय को ये कसाइयों के हाथों देंगे, क्या हिन्दुस्तान कभी इसे स्वीकार करेगा?' भाजपा कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री शुक्रवार को संभल लोकसभा सीट के लिए बिलारी (मुरादाबाद) में भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी के पक्ष में विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देशवासियों और महिलाओं की संपत्तियों को जब्त करके रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों में बांटना चाहती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस अपने घोषणा पत्र के जरिए देशवासियों की संपत्ति का एक्स-रे कराने की बात कहती है, इसका मतलब कि अगर किसी के घर में चार कमरे हैं तो चार में से दो को कब्जे में ले लेंगे। उन्होंने कहा, कांग्रेस कहती है कि महिलाओं के जेवर को भी अपने कब्जे में ले लेंगे। हिन्दुस्तान इसे कभी स्वीकार नहीं करेगा। 2004 से 2014 के बीच संप्रग की सरकार में इन्होंने ऐसे प्रयास किये थे। इन्होंने एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण में सेंध लगाने का काम किया था। उन्होंने सच्चर कमेटी और न्यायमूर्ति रंगनाथ मिश्रा कमेटी की रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए कहा कि कांग्रेस इसे लागू करके पिछड़ी जाति के आरक्षण में से मुसलमानों को छह प्रतिशत आरक्षण देना चाहती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था कि भारत के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। योगी ने पूछा कि अगर ऐसा है तो गरीब, पिछड़ा और दलित कहां जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस देश के विभाजन के लिए फिर से साजिश रची रही है।

उन्होंने कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी और प्रियंका गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि सुनने में आया है कि भाई-बहन दोनों अयोध्या जाना चाहते हैं, जब सरकार थी तब ये लोग कहते थे कि राम हुए ही नहीं, अब कहते हैं कि राम सबके हैं, यही इनका दोहरा चरित्र है, इनपर हमें विश्वस नहीं करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें आने वाली पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए ऐसी सरकार को बनाने पर जोर देना होगा, जिन्होंने भारत को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने का संकल्प लिया हो। संभल में कमल खिलने का मतलब यहां के सुरक्षा की गारंटी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जबसे आपने उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाई है, दंगाई को पता चल गया है कि दंगा कराया तो राम नाम सत्य है कि यात्रा निकल जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा, हमारे धार्मिक शास्त्र कहते हैं कि कलियुग में यहां पर कल्कि अवतार होगा, अधर्मी, अत्याचारियों और अन्यायियों को सही जगह पर पहुंचाने का कार्य करेंगे कल्कि भगवान और इसका आधार बनेगा कमल का निशान।



## वोट बैंक की खातिर राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल नहीं हुए राहुल, दिग्विजय : शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**राजगढ़/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल नहीं होने के लिए शुक्रवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं राहुल गांधी तथा दिग्विजय सिंह की आलोचना की और कहा कि उनका यह कदम पूरी तरह वोट-बैंक की राजनीति से प्रेरित था। भाजपा नेता ने जोर देकर कहा कि कांग्रेस ने लगभग 70 वर्ष तक अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण की उपेक्षा की और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे वास्तविकता बनाकर 22 जनवरी को रामलला की मूर्ति के अभिषेक का मार्ग प्रशस्त किया।

उन्होंने कहा, 'क्या आप जानते हैं कि शहजादे राहुल गांधी और दिग्गी राजा (दिग्विजय सिंह) अयोध्या में रामलला की मूर्ति के अभिषेक में क्यों शामिल नहीं हुए? क्योंकि वे अपने वोट-बैंक से डरते हैं और इसलिए, उन्हें कभी माफ नहीं किया जाना चाहिए।' शाह राजगढ़ लोकसभा सीट के अंतर्गत खिलचीपुर कस्बे में चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे, जहां से मौजूदा भाजपा सांसद रोडमल नागर का मुकाबला कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह से है। उन्होंने मतदाताओं से कहा कि वे उन लोगों को कभी माफ न करें, जिन्होंने अयोध्या में मूर्ति प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने का निमंत्रण अस्वीकार कर दिया।

शाह ने कांग्रेस पर जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को लंबे समय तक जारी रखने का आरोप लगाया और कहा कि इसके कारण राज्य में आतंकवाद पनपा तथा लोग राष्ट्रीय तिरंगा भी नहीं फहरा पा रहे थे। गृह मंत्री ने बताया कि मोदी सरकार ने पांच अगस्त, 2019 को न केवल विवादास्पद संवैधानिक प्रावधान को निरस्त कर दिया, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया कि देश का मस्तक (जम्मू-कश्मीर) ऊंचा रहे। शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने पुलवामा आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान में 'सर्जिकल स्ट्राइक' करके आतंकवाद को खत्म कर दिया।



## चतरा से भाजपा उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रांची/भाषा।** आम चुनाव के पांचवें चरण के लिए अधिसूचना जारी होने के साथ ही झारखंड में तीन लोकसभा सीट- चतरा, कोडरमा और हजारीबाग के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुक्रवार को शुरू हो गई।

दस्तावेज जमा करने के पहले दिन भाजपा के उम्मीदवार कालीचरण सिंह ने चतरा लोकसभा क्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल किया। इन तीनों सीट पर मतदान 20 मई को होगा। नामांकन दाखिल करने से पहले संवाददाताओं से सिंह ने कहा, ''मुझ पर भरोसा जताने के लिए मैं पार्टी का आभारी हूं। मुझे यकीन है कि लोग भाजपा को वोट देंगे क्योंकि लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का विकास चाहते हैं।'' भाजपा ने अपने निर्वतमान सांसद सुनील कुमार सिंह की जगह इस बार कालीचरण सिंह को मैदान में उतारा है। वर्ष 2019 के चुनाव में सुनील कुमार सिंह ने कांग्रेस के मनोज कुमार यादव को 3.77 लाख से अधिक मतों के अंतर से हराया था। अधिकारी ने बताया कि तीन मई तक रोजाना सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक नामांकन स्वीकार किए जाएंगे।

नामांकन पत्रों की जांच चार मई को होगी और इन्हें वापस लेने की अंतिम तिथि छह मई है। तीन लोकसभा क्षेत्रों में 28.29 लाख महिलाओं सहित 58.22 लाख से अधिक मतदाता मतदान के लिए पात्र हैं। कालीचरण के अलावा, भाजपा ने केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी को कोडरमा से और विधायक मनीष जायसवाल को हजारीबाग लोस सीट से मैदान में उतारा है।

## कांग्रेस एससी, ओबीसी का कोटा मुसलमानों को देना चाहती है : जेपी नड्डा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कांग्रेस पर शुक्रवार को आरोप लगाया कि वह मुसलमानों को लाभ पहुंचाने के लिए अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के अधिकारों को छीनना चाहती है तथा यह विपक्षी दल का छिपा हुआ एजेंडा है।

कांग्रेस को परंपरागत रूप से वंचित हिंदू समूहों की कीमत पर मुसलमानों के हितों की वकालत करने वाली पार्टी के रूप में पेश करने की भाजपा की कोशिशों को जारी रखते हुए नड्डा ने कहा कि विपक्षी दल अल्पसंख्यक समुदाय को एससी घोषित करने और उसे आरक्षण देने का लंबे समय से आधार बना रहा है। उन्होंने लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत मतदान जारी रहने के बीच वीडियो के जरिए एक बयान जारी किया।

नड्डा ने तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के 2006 के उस बयान का हवाला दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों, विशेषकर मुसलमानों का है। भाजपा नेता ने कहा कि सिंह ने अप्रैल 2009 में भी इसी तरह की टिप्पणी की थी। कांग्रेस ने दावा किया है कि सत्तारूढ़ दल ने जनता के समर्थन की कमी के मद्देनजर चुनावों के दौरान ध्रुवीकरण करने के लिए झूठ फैलाने और सांप्रदायिक विभाजन का सहारा लिया है। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने कुछ राज्यों में मुसलमानों को आरक्षण देने की कोशिश की है, जिसमें कर्नाटक भी शामिल है, जहां भाजपा सरकार ने आरक्षण समाप्त कर दिया था, लेकिन सिद्धरमैया सरकार फिर से इसे ले आई। उन्होंने कहा कि उसने आंध्र प्रदेश में भी मुसलमानों को आरक्षण देने का प्रयास किया था, लेकिन उच्चतम न्यायालय के आदेश के कारण ऐसा नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 2009 के अपने चुनावी घोषणापत्र में अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी में उप-कोटा के माध्यम से शैक्षणिक संस्थानों और नौकरियों में मुसलमानों के लिए आरक्षण का वादा किया था।

नड्डा ने दावा किया कि 2024 के चुनावी घोषणापत्र में बहुसंख्यकवाद के खिलाफ कांग्रेस का रुख एससी, एसटी और ओबीसी के प्रति उसकी ''नफरत'' को रेखांकित करता है क्योंकि वे समाज में बहुसंख्यक हैं।

उन्होंने कहा, सच्चर कमेटी की रिपोर्ट के जरिए झूठे दावे किए गए और कहा गया कि मुसलमानों की हालत दलितों से भी बदतर है। इसका मतलब यह है कि कांग्रेस मुसलमानों को एससी घोषित करने के लिए जमीन तैयार कर रही थी ताकि उन्हें दलित होने के कारण आरक्षण दिया जा सके।

## खुद को पायलट बताने वाला व्यक्ति दिल्ली हवाईअड्डे से गिरफ्तार

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाईअड्डे से एक ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, जो खुद को कथित तौर पर एक एयरलाइन कंपनी का पायलट बताता था। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार उन्होंने बृहस्पतिवार को एयरलाइन की वर्दी पहने हुए एक व्यक्ति को मेट्रो स्काईवॉक क्षेत्र में घूमते हुए देखा। पुलिस उपायुक्त उषा रंगनानी ने कहा, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के कर्मियों के सामने उसने खुद को एक एयरलाइन कंपनी का पायलट बताया, उसने अपने गले में लटका हुआ एक पहचान पत्र दिखाया। सीआईएसएफ के कर्मियों को कुछ गड़बड़ दिखी और पूछताछ करने पर उसकी पहचान नोएडा के संगीत सिंह के रूप में हुई।'' पुलिस उपायुक्त ने कहा, जांच से पता चला कि उसने कुछ ऑनलाइन एप्लिकेशन का उपयोग करके जाली आईडी बनाई थी और दिल्ली के द्वारका से वर्दी एवं अन्य सामान खरीदा था। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि संगीत सिंह ने 2020 में मुंबई से एविएशन हॉस्पिटैलिटी में एक साल का पाठ्यक्रम पूरा किया था।

## कोलकाता हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी

**कोलकाता/भाषा।** कोलकाता हवाई अड्डे के अधिकारियों को शुक्रवार को एक ईमेल प्राप्त हुआ, जिसमें परिसर के अलग-अलग स्थानों पर हम लगाये जाने का दावा किया गया था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, ईमेल प्राप्त होने के बाद हवाई अड्डे पर खोज अभियान चलाया गया। अधिकारियों ने बताया कि हालांकि दोपहर 12 बजकर 55 मिनट पर बमों के फटने की धमकी वाला ईमेल झूठा निकला। बिधाननगर पुलिस कमिश्नरेट के हवाई अड्डा खंड की पुलिस उपायुक्त ऐश्वर्या सागर ने बताया कि ईमेल मिलने के बाद नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की सुरक्षा एजेंसियों ने खोज अभियान चलाया। उन्होंने बताया, ''गहन खोज अभियान चलाये जाने के बाद सुरक्षा कर्मियों ने इसे झूठी सूचना करार दिया।''

### ट्रेन का इंजन पटरी से उतरने के कारण

## मतदाताओं समेत बीच रास्ते में फंसे 150 यात्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गुवाहाटी/भाषा।** असम की बराक घाटी में मतदान के लिए जा रहे कुछ यात्रियों समेत करीब 150 लोग शुक्रवार को एक ट्रेन का इंजन पटरी से उतर जाने के कारण बीच रास्ते में फंस गये। राजनीतिक दलों ने उन्हें तुरंत वहां से निकालकर मतदान केंद्र पहुंचाने की मांग की है ताकि वे मताधिकार का इस्तेमाल कर सकें। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के मुख्य प्रवक्ता सब्यसाची डे ने यहां बताया कि लुमडिंग मंडल के अंतर्गत जटिंगा लामपुर और न्यू हरंगाजाओ स्टेशनों के बीच एक मालगाड़ी का इंजन पटरी से उतर गया, जिसके बाद बृहस्पतिवार से कई ट्रेनें रद्द कर दी गयीं, गंतव्य से पहले यात्रा समाप्त कर दी गयी या फिर ट्रेनों के समय में बदलाव किया गया। डे ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''बराक घाटी और अगरतला की ओर जाने वाली ट्रेनों के यात्री प्रभावित हुए हैं और वे लुमडिंग रेलवे स्टेशन पर हैं।''

प्रवक्ता ने बताया, ''लगभग 100 से 150 यात्री अभी भी लुमडिंग रेलवे स्टेशन पर हैं और बसें शीघ्र ही उन तक पहुंच रही हैं। चुनाव के कारण गुवाहाटी से बसों की व्यवस्था करनी पड़ी, जिसमें अधिक समय लगा।'' उन्होंने बताया कि पटरी साफ करने का काम जोरों पर है और शुक्रवार शाम तक इसके पूरा होने की उम्मीद है। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता कांग्रेस के देबब्रत सैकिया ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, ''मैं तत्काल निर्वाचन आयोग से मामले में हस्तक्षेप करने का आग्रह करता हूं। ट्रेन रद्द होने से सिलचर और करीमगंज में फंसे मतदाता विशेष व्यवस्था के पात्र हैं। आइए, उनके वोट देने के अधिकार को प्राथमिकता दें और सुनिश्चित करें कि इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया में कोई भी पीछे न रहे।'' भाजपा के प्रवक्ता दीवान ध्रुबा ज्योति मराल ने भी रेलवे अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया कि यात्री समय पर अपने गंतव्य तक पहुंचें ताकि पात्र मतदाता अपने अधिकार से वंचित न रहें।

## आने वाले वर्ष से दो बार बोर्ड परीक्षा के लिए तैयारी के निर्देश

**नई दिल्ली/भाषा।** शिक्षा मंत्रालय ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से 2025-26 शैक्षणिक सत्र से साल में दो बार बोर्ड परीक्षाएं आयोजित करने के संबंध में व्यवस्थागत तैयारी करने को कहा है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि सेमेस्टर प्रणाली शुरू करने की योजना को खारिज कर दिया गया है। सूत्रों ने कहा कि मंत्रालय और सीबीएसई साल में दो बार बोर्ड परीक्षा आयोजित करने के लिए अगले महीने स्कूलों के प्रधानाध्यापकों के साथ चर्चा करेंगे। उन्होंने बताया कि सीबीएसई वर्तमान में इस बात पर काम कर रहा है कि स्नातक प्रवेश कार्यक्रम को प्रभावित किए बिना एक और बोर्ड परीक्षा को समायोजित करने के लिए अकादमिक कैलेंडर को कैसे तैयार किया जाएगा। एक सूत्र ने बताया, मंत्रालय ने सीबीएसई से इस बात पर काम करने को कहा है कि साल में दो बार बोर्ड परीक्षा किस तरह आयोजित की जाएगी। बोर्ड तौर-तरीकों पर काम कर रहा है और अगले महीने स्कूल के प्रधानाध्यापकों के साथ चर्चा की जाएगी।

## यौन उत्पीड़न मामले में बृजभूषण शरण सिंह की याचिका खारिज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली की एक अदालत ने यौन उत्पीड़न मामले की आगे की जांच के अनुरोध संबंधी भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख एवं भाजपा के सांसद बृजभूषण शरण सिंह की याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी।

छह महिला पहलवानों ने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया था। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) प्रियंका राजपूत ने याचिका को खारिज करते हुए मामले में सिंह के खिलाफ आरोप तय करने के बारे में आदेश के लिए सात मई की तिथि तय की। सिंह ने मामले में आगे की जांच के अनुरोध को लेकर आवेदन दायर किया था। इसमें कहा गया था कि वह उस घटना के दिन भारत में नहीं थे जिसमें एक शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि उसे डब्ल्यूएफआई कार्यालय में प्रताड़ित किया गया था। सिंह के वकील ने दावा किया कि दिल्ली पुलिस ने शिकायतकर्ता के साथ आए कोच के कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) पर भरोसा किया था।

## भाजपा ने देश के भ्रष्टाचारियों, अपराधियों, माफिया को अपने गोदाम में रख लिया : अखिलेश यादव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**एटा (उप्र)/भाषा।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर भ्रष्टाचार को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को यहां कहा कि भाजपा ने देश के सभी ''भ्रष्टाचारियों, अपराधियों और माफिया'' को अपने गोदाम में रख लिया है। सपा प्रमुख ने एटा लोकसभा सीट से पार्टी के प्रत्याशी देवेश शाक्य के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए 'चुनावी बॉण्ड' का मुद्दा भी उठाया और दावा किया कि मौजूदा महंगाई की वजह चंदे के रूप में की गई यह वसूली है।

यादव ने आरोप लगाया, ''भाजपा ने जो चंदा लिया वह चंदा नहीं है, बल्कि वह वसूली है...और भाजपा के लोग चुनावी बॉण्ड के बारे में बात नहीं करना चाहते।'' उन्होंने कहा, ''देश में जितने भी भ्रष्टाचारी, अपराधी, माफिया हैं, भाजपा ने उन्हें अपने गोदाम में रख लिया। उसने इतना बड़ा गोदाम बनाया कि हर दल के लोगों को इसमें जगह दे दी। बैंकों को लूटने और उसके साथ धोखाधड़ी करने वाले लोग भाजपा में शामिल हो गए हैं।'' सपा प्रमुख ने राज्य की मौजूदा भाजपा सरकार पर साजिश के तहत प्रतियोगी परीक्षाओं का प्रश्न पत्र लीक करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह ऐसा इसलिए करती है ताकि युवाओं को नौकरी न देनी पड़े। उन्होंने युवाओं से संपर्क साधने की कोशिश करते हुए कहा कि भाजपा के लोगों ने नौकरी व रोजगार तो छीना ही, आपका (युवाओं का) एक-तिहाई जीवन भी बर्बाद कर दिया। उन्होंने कहा कि नौकरी व रोजगार न मिलने से युवाओं का भविष्य अंधकार में है, और उनकी जल्द शादी होने की संभावना भी कम नजर आ रही है।

सपा प्रमुख ने केंद्र की भाजपा नीत सरकार द्वारा पूंजीपतियों और उद्योगपतियों के 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ करने का दावा करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद विपक्षी 'इंडि' गठबंधन के सत्ता में आने पर किसानों का पूरा कर्ज माफ कर दिया जाएगा। यादव ने यह भी कहा कि अग्निपथ योजना से देश की सीमाओं की सुरक्षा नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि 'इंडि' गठबंधन के सत्ता में आने पर इस व्यवस्था को खत्म कर पुरानी व्यवस्था (स्थायी भर्ती) लागू की जाएगी। उन्होंने पुलिसकर्मियों से भी संपर्क साधने की कोशिश करते हुए कहा कि ''खाकी वर्दी'' वाले सोचते हैं कि इनकी नौकरी स्थायी है, लेकिन भाजपा यदि फिर से सत्ता में आ गई तो इनकी नौकरी तीन साल की हो जाएगी। हाल के दिनों में अपने कई सहयोगियों के पार्टी छोड़कर अन्यत्र जाने पर सपा अध्यक्ष ने यह भी कहा, जो लोग जा रहे हैं, उन्होंने हमें नहीं छोड़ा है। हम चुनाव जीतेंगे और उन्हें फिर अपने साथ में लाएंगे। उन्होंने दावा किया कि पहले चरण से ही 'इंडि गठबंधन' बढ़त बना चुका है और जो पश्चिम से हवा चली है और यहां (तीसरे चरण के चुनाव क्षेत्रों) से गुजर कर जाएगी। हमें पूरा भरोसा है कि यहां के नौजवान, किसान भाजपा का पूरा का पूरा सफाया करेंगे। यादव ने मुनाफाखोरी और जमाखोरी का सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा के संरक्षण में पूंजीपति गोदाम बनाकर किसानों की पैदावार खरीद रहे और उन्हीं गोदामों में किसानों की पैदावार रखकर बाजार को नियंत्रित कर रहे हैं।

## केव दीदी : ओडिशा के गांवों में मुर्गी पालन में ला रहीं बदलाव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भुवनेश्वर/भाषा।** सबिता मोहंती अतीत में घर और खेत का काम पूरा करने के बाद खाली बैठी रहती थीं। लेकिन अब स्थिति बदल गई है वह अपने समुदाय की साथी महिला मुर्गीपालकों द्वारा मदद के लिए फोन करने के लिए हरपल तैयार रहती हैं। यह ओडिशा के गांवों में आ रहे सकारात्मक बदलाव के संकेत हैं। एक समय था जब मयूरभंज जिले के मिटुआनी गांव की रहने वाली मोहंती केवल साधारण गृहणी थीं लेकिन आज उनकी एक नई पहचान है। वह 200 सामुदायिक कृषि -पुशपालन उद्यमियों या आसपास ऐसी महिलाओं के लिए प्रयुक्त लोकप्रिय उपनाम 'केव दीदियों' में से एक हैं। उन्होंने मुर्गी पालन में लगी महिलाओं को महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करके राज्य के क्योंझर और मयूरभंज जिलों के गांवों में जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाया है।

मोहंती (37) ने 12वीं कक्षा तक की पढ़ाई की है और अब उन्हें न केवल एक नई पहचान मिली है, बल्कि जीवन में उद्देश्य और सशक्तिकरण की भावना भी जगी है। मोहंती ने गांव कनेक्शन से कहा, मुर्गी पालन हमेशा से हमारे समुदाय का हिस्सा रहा है, लेकिन शुरू में जागरूकता सीमित थी। जब सम्मानित व्यक्तियों ने हमारे गांव का दौरा किया और सुझाव दिया कि मैं 'केव दीदी' बन सकती हूं, दूसरों की सहायता कर सकती हूं, तब मुझे बदलाव लाने की ताकत महसूस हुई।

सबिता इस समय न केवल 80 से अधिक मुर्गियों की देखरेख करती हैं बल्कि दूसरों की मुर्गियों की भी देखभाल करती हैं। इस परिवर्तनकारी कदम को हेफ़र इंटरनेशनल की ओर से कार्यान्वित हैचिंग होप ग्लोबल इनिशिएटिव द्वारा बढ़ावा दिया गया। इसका उद्देश्य मुर्गीपालन में शामिल आदिवासी महिलाओं और किसानों का उत्थान करना है। क्योंझर और मयूरभंज जिलों के गांवों में काम करने वाली समर्पित दीदियां मुर्गीपालन कर रही महिलाओं के रोजमर्रा के जीवन में सकारात्मक बदलाव कर रही हैं। मोहंती की तरह ही मिटुआनी गांव की जयंती महतो भी हैं जो आजीविका के लिए मुर्गियां पालते हैं। पहले, उनकी मुर्गियां अक्सर बीमार पड़ जाती थीं जिसकी वजह से उन्हें आर्थिक क्षति पहुंचती थी। हालांकि,अब मुर्गी पालन करने वाली दीदियां हमेशा मदद के लिए उपलब्ध रहती हैं। जयंती (32) ने कहा, अब, जब भी मुर्गियां बीमार पड़ती हैं, तो एक फोन कॉल दीदी को हमारी सहायता के लिए ले आता है। वे हमें बहुमूल्य जानकारी प्रदान करती हैं।

### सुविचार

**जिंदगी में अगर कुछ खोना पड़े तो दो लाइन हमेशा याद रखना, जो खोया है उसका गम नही और जो पाया है वो किसी से कम नहीं।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# जारी रहें चुनाव-सुधार

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के माध्यम से डाले गए वोट का 'वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल' (वीवीपीएटी) के साथ मिलान और दोबारा मतपत्रों से चुनाव कराने की प्रक्रिया अपनाने का अनुरोध करने वाली याचिकाओं के उच्चतम न्यायालय में खारिज होने के बाद अब इस मामले का पटाक्षेप हो जाना चाहिए। न्यायालय ने उचित ही कहा कि 'तंत्र के किसी भी पहलू पर आंख मूंदकर अविश्वास करना बिना वजह संदेह पैदा कर सकता है' और 'लोकतंत्र का अर्थ सद्भाव और सभी संस्थाओं में भरोसा बनाए रखने का प्रयास करना है।' सभी राजनीतिक दलों और नेताओं को अपने देश के चुनाव आयोग और मतदाताओं पर भरोसा होना चाहिए। इतनी बड़ी आबादी वाले देश में चुनाव करवाना कोई मामूली बात नहीं है। इस पर अरबों रुपए खर्च होते हैं। बहुत समय और श्रम लगता है। हफ्तों की मशक्कत के बाद नई सरकार बनती है। यहां ऐसे सुधारों को अपनाना बहुत जरूरी है, जो विश्वसनीय होने के साथ ही सरल भी हों और उनसे संसाधनों, समय व श्रम की बचत हो। देश में अनेक चुनाव-सुधारों के बाद ईवीएम आई और जनता ने उसे हाथोंहाथ लिया। उच्च शिक्षित से लेकर निरक्षर मतदाता तक, सबके लिए मतदान करने का सबसे सरल माध्यम ईवीएम है। अब मतपत्र लेने, ठप्पा लगाने, मोड़ने, पेटी में डालने की कोई जरूरत नहीं, बस बटन दबाया और मतदान हो गया! आश्चर्य होता है कि कुछ लोग इस पर संदेह जताते हुए उच्चतम न्यायालय चले जाते हैं, लेकिन जब चुनाव आयोग खामी साबित करने के लिए बुलाता है तो नहीं जाते और न ही कोई ऐसा प्रमाण दे पाते हैं, जिससे यह पता चले कि ईवीएम में सचमुच कोई गड़बड़ है!

प्राय: यह सवाल किया जाता है कि जापान, जर्मनी और ब्रिटेन जैसे देश, जो तकनीकी तौर पर इतने विकसित हैं, वे ईवीएम से मतदान क्यों नहीं करवाते? यह ध्यान रखना चाहिए कि इन देशों की आबादी (तुलनात्मक रूप से) बहुत कम है। क्षेत्रफल भी छोटा है। इनमें से किसी भी देश की मतदान प्रक्रिया को भारत के एक राज्य की सरकारी मशीनरी कुछ ही घंटों में करवा सकती है। कुछ लाख/करोड़ मतपत्रों को गिनना (तुलनात्मक रूप से) सरल होता है। वहीं, भारत में इसे लागू कर दिया जाए तो ऐसी कई समस्याएं दोबारा खड़ी हो जाएंगी, जिन्हें हम नब्बे के दशक में छोड़ आए हैं। मतदाताओं को वीवीपीएटी पर्चियां सौंपे जाने, मतगणना के लिए उन्हें मतपेटी में डालने, साथ ही वीवीपीएटी पर्चियों की सौ प्रतिशत गिनती करने की मांग पूरी हो जाती तो चुनाव प्रक्रिया और ज्यादा जटिल हो जाती। उससे फिर नए विवाद पैदा होते। जिन्होंने मतपत्रों से लोकसभा और विधानसभा के चुनाव होते देखे हैं, वे जानते हैं कि उस दौरान मतदान से लेकर मतगणना तक कितनी समस्याएं होती थीं। कई मतपत्र तो इस वजह से ही खारिज हो जाते थे, क्योंकि उन पर ठप्पा 'गलत जगह' लगा होता था। बहुत बार ऐसा होता, जब पक्ष-विपक्ष के लोग इस बात पर भिड़ जाते कि यह वोट हमारे उम्मीदवार को मिला था! कुछ इलाकों में तो बूथ पर कब्जा कर मतपेटियां लूट ली जाती थीं या बाहुबली किस्म के लोग मनचाहे उम्मीदवार के नाम पर ठप्पा लगाकर लोगों से कह देते कि 'हो गया मतदान, अब आप अपने घर जाइए।' क्या देशवासी फिर से उस दौर में जाना पसंद करेंगे? चुनाव प्रक्रिया से जुड़े विवाद (समय के साथ) कम होने चाहिएं या नए-नए विवाद पैदा होने चाहिएं? हर विवेकशील मनुष्य यही चाहेगा कि चुनाव प्रक्रिया से जुड़े सुधार होते रहने चाहिएं और विवाद कम होते-होते खत्म होने चाहिएं। उच्चतम न्यायालय का फैसला भी इसी बात को रेखांकित करता है।

## ट्वीटर टॉक



मलेरिया एक घातक बीमारी है। जागरूकता और स्वच्छता ही इससे बचने का बेहतरीन तरीका है। आइये, विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर हम सब मिलकर अपने घर और कार्यस्थल के चारों तरफ स्वच्छता रखें और अन्य लोगों को भी इसके लिए जागरूक करें।

**-राजेन्द्र राठोड़**



कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से अर्बन नक्सल की गिरफ्त में है, जिससे आर्थिक मोर्चे पर उसकी सोच का पतन हो गया है। उसकी नजर जनता-जनार्दन की जमीन और पाई-पाई कर जमा की गई धन-संपत्ति पर है। भोपाल जैसा शहर ऐसी सोच और ऐसे तत्वों को कभी स्वीकार नहीं करेगा।

**-नरेन्द्र मोदी**



मोदी सरकार उन्हें आरक्षण में कटौती करके धर्म विशेष को भी नहीं देने देगी। इस देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का नहीं, गरीबों का है। कांग्रेस को सत्ता के लिए और अपनी स्वार्थ की राजनीति के लिए भारत को बांटना बंद करना चाहिए।

**-अर्जुनराम मेघवाल**

### प्रेरक प्रसंग


## देवगुरु और देवराज

मध्यप्रदेश जब राज्य बना तब प्रश्न उठा कि किस नेता को प्रथम मुख्यमंत्री पद की बागडोर सौंपी जाये? किसी एक नाम पर सर्वसम्मति नहीं बनी। तीन नाम उभर कर सामने आये- पहला पंडित माखनलाल चतुर्वेदी, दूसरा पंडित रविशंकर शुक्ल और तीसरा पंडित द्वारका प्रसाद मिश्रा। कागज़ के तीन टुकड़ों पर ये नाम अलग-अलग लिखे गए। तीनों पुड़ियां आपस में खूब फेंटी गयी, फिर एक पुड़िया निकाली गयी जिस पर पंडित माखनलाल चतुर्वेदी का नाम अंकित था। इस प्रकार तय पाया गया कि वे नवगठित मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री होंगे। तत्कालीन दिग्गज नेता माखनलाल जी के पास दौड़ पड़े। सबने उन्हें इस बात की सूचना और बधाई भी दी कि अब आपको मुख्यमंत्री के पद का कार्यभार संभालना है। पंडित माखनलाल चतुर्वेदी ने सबको लगभग डांटते हुए कहा कि मैं पहले से ही शिक्षक और साहित्यकार होने के नाते 'देवगुरु' के आसन पर बैठा हूं। मेरी पदावनति करके तुम लोग मुझे 'देवराज' के पद पर बैठाना चाहते हो जो मुझे पूरी तरह अस्वीकार्य है। उनकी इस असहमति के बाद रविशंकर शुक्ल को नवगठित प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया गया।

### सामयिक

# विरासत टैक्स एवं निजी सम्पत्ति सर्वे पर संकट में घिरी कांग्रेस

ललित गर्ग
मोबाइल : 9811051133



लोकसभा चुनाव में कांग्रेस जनता के बीच जिस तरह के मुद्दों को लेकर चर्चा में हैं, उनमें देश विकास से अधिक मुक्त की रेवड़िया बांटने या अतिश्योक्तिपूर्ण सुविधा देने की बातें हैं तो 'विरासत टैक्स' के नाम पर जनता की गाढ़ी कमाई को हड़पने के सुझाव है। ऐसी विरोधीभासी सोच एवं योजनाएं कांग्रेस की अपरिपक्व एवं स्वार्थप्रेरित राजनीति को ही उजागर करती है। इंडिया ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष एवं राहुल गांधी के विश्वस्त सलाहकार सैम पित्रोदा ने चुनावी समर में अपने ताजा बयान में विरासत टैक्स की वकालत की है। उन्होंने अमेरिका में लागू इस टैक्स की पैरवी करते हुए भारत के लिये उपयोगी बताया। सैम ने अपने बयान पर विवाद बढ़ता देख सफाई दी है, तो कांग्रेस ने इस बयान से खुद को अलग कर लिया है। लेकिन राजनीति की इन कुचालों एवं ऐसे बयानों में कांग्रेस का इरादा जनता की मेहनत की कमाई की संगठित लूट और वैध लूट ही नजर आता है। सैम पित्रोदा के बयान में कांग्रेस की सोच एवं संकल्प ही नहीं दिखा बल्कि कांग्रेस की भावी योजनाओं की परतें भी खुली है। भले ही इस बयान ने कांग्रेस के लिए मुश्किलें बढ़ा दी हो, लेकिन जनता को मूर्ख समझ हर बार हंगामा खड़ा करना कांग्रेस की नीति एवं नियत रही है। सैम ऐसे ही विवादास्पद बयानों से पूर्व में भी चर्चा में रहे हैं।

अमेरिका में विरासत टैक्स जैसी अनेक स्थितियां एवं कानून हैं जो भारत में नहीं है क्योंकि हर देश की अपनी स्थितियां होती है। सैम के इस बयान ने इसलिए तूल पकड़ लिया, क्योंकि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में लोगों की संपत्ति के सर्वे का वादा किया है। इसकी व्याख्या भाजपा पहले से ही इस रूप में कर रही है कि कांग्रेस लोगों की संपत्ति का आकलन करके संपन्न-सक्षम लोगों की संपदा का एक हिस्सा लेने का इरादा रखती है। चूंकि सैम पित्रोदा का कथन कुछ इसी ओर संकेत करता दिख रहा था, इसलिए भाजपा ने नए सिरे से उनके बयान को मुद्दा बना दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तो कहा जब तक आप जीवित रहेंगे, तब तक कांग्रेस आपको ज्यादा टैक्स से मारेगी और जब जीवित नहीं रहेंगे, तब आप पर विरासत का बोझ लाद देगी।' कांग्रेस की लूट जिन्दगी के साथ भी और जिन्दगी के बाद भी कह कर मोदी ने कांग्रेस को निशाने पर लिया है। गृह मंत्री अमित शाह ने भी यह कह दिया कि यदि कांग्रेस वैसा कुछ करने का नहीं सोच रही है, जैसा सैम पित्रोदा कह रहे हैं तो वह अपने घोषणा पत्र से संपत्ति के सर्वेक्षण वाली बात हटाए।' निश्चित ही कांग्रेस की संपत्ति के सर्वेक्षण की बात में गहरे अर्थ, संदेह एवं शंकाएं निहित हैं। राजननेताओं के बयानों पर राजनीति होना लोकतंत्र का एक हिस्सा है, लेकिन जनता के हितों पर आघात करना दुर्भाग्यपूर्ण है। लोकतन्त्र में सतत रूप से अमीर-गरीब का विमर्श चलता रहता है, गरीबों के हित की बात करके अधिसंख्य मतदाताओं को लुभाना राजनीतिक चतुराई है, लेकिन जनता को बांटना एवं अलग-अलग खेमों में खड़ा करना, लोकतंत्र को कमजोर करता है। मगर भारत का मतदाता अब इतना सुविज्ञ एवं समझदार हैं कि वे राजनेताओं की मंशा को समझकर उस समय आगे बढ़कर नेतृत्व खुद संभाल लेते हैं जब नेतागण अपना पथ भूल जाते हैं। भारत के चुनावों का इतिहास इसका गवाह रहा है। इसलिए राजनैतिक विमर्श चाहे जितना गर्त में चला जाये मगर मतदाता की सूझबूझ, जागरूकता एवं विवेक कभी मंद नहीं पड़ती।

भले ही सैम पित्रोदा अमेरिका का उदाहरण देकर उस पर भारत में बहस की जरूरत जता रहे थे, लेकिन उन्हें गलत समय ऐसा उदाहरण नहीं देना चाहिए था, जो तथ्यात्मक रूप से पूरी तरह भारत की परिस्थितियों के लिये सही न हो और जिसके विवाद का विषय बनने की भरी-पूरी संभावनाएं हो। यह तो कांग्रेस ही जाने कि वह संपत्ति के सर्वे के जरिये क्या हासिल करना चाहती है, लेकिन इससे इन्कार नहीं कि देश में आर्थिक असमानता कम करने की आवश्यकता है। इसके बाद भी इस आवश्यकता की पूर्ति न तो वामपंथी सोच वाले तौर-तरीकों से की जा सकती है और न ही उन उपायों से, जो समाज में विभाजन पैदा करें। जो भी निर्धन-वंचित हैं या सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछडे हैं, उनके उत्थान की अतिरिक्त चिंता की जानी चाहिए, लेकिन बिना उनका जाति, मजहब देखे, बिना विभाजन की राजनीति को किये।

सैम पित्रोदा, राजनीति की दुनिया में यह नाम कोई नया नहीं है, कांग्रेस के शासन में तकनीकी एवं आधुनिक विकास के वे पुरोध रहे हैं। इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और मनमोहन सिंह के सलाहकार रह चुके पित्रोदा इस समय राहुल के खास लोगों में से एक हैं। पित्रोदा अपने काम से कम अपने बयानों के चलते ज्यादा चर्चे में रहते हैं। उनके बयान अक्सर कांग्रेस के लिए भी सरदर्द बनते रहे हैं। पित्रोदा के अनेक बयान पहले भी विवाद एवं कांग्रेस के सिरदर्द की वजह बन चुके हैं। साल 2019 में ही उन्होंने एक टीवी इंटरव्यू में कहा कि मिडिल क्लास को स्वार्थी नहीं होना चाहिए। उन्हें अधिक से अधिक टैक्स देने के लिए तैयार रहना चाहिए। मध्यमवर्गीय परिवार को रोजगार और अधिक अवसर मिलेंगे। इस बयान ने भी कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ाई थीं और पार्टी को डैमेज कंट्रोल करना पड़ा था। पित्रोदा यहीं नहीं रुके, उन्होंने 2019 के ही पुलवामा हमले पर कहा था कि ऐसे हमले तो होते रहते हैं, मुंबई में भी हमला हुआ था। निश्चित ही कांग्रेस के शासन में ऐसे हमले एवं साम्प्रदायिक दंगे होते ही रहते थे। उन्होंने बालाकोट एयरस्ट्राइक ऑपरेशन पर सबूत मांगे थे।


सैम पित्रोदा के बयान एवं कांग्रेस के घोषणा पत्र के निजी सम्पत्ति सर्वे की बात में अवश्य ही रिश्ता है, जिसने पूरे देश के सामने कांग्रेस का मकसद स्पष्ट कर दिया है कि निजी संपत्ति का सर्वे कर निजी संपत्ति को सरकारी खजाने में डालकर वह इस धन को अपने वोट बैंक में बांटना चाहती है। ऐसी योजना यूपीए सरकार में तय भी हुई थी कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यक और उसमें भी सबसे अधिक मुस्लिमों का है, उस प्रकार से कांग्रेस की यह मुसलमानों को लुभाने एवं उन्हें लाभ पहुंचाने की अघोषित चुनावी घोषणा है, इस तरह की घोषणाएं लोकतंत्र में सुशासन एवं राजनीति मूल्यों को धुंधलाने की कुचेष्टा ही कही जायेगी। लोकतांत्रिक व्यवस्था में नेता बादशाह नहीं होता बल्कि साधारण मतदाता बादशाह होता है क्योंकि उसके ही एक वोट से सरकारें बनती और बिगड़ती हैं।

मतदाता को जो मूर्ख समझते हैं उनसे बड़ा मूर्ख दूसरा नहीं होता। ऐसे तथाकथित बयानों से भारत में संसदीय प्रणाली का लोकतंत्र कभी भी प्रभावित नहीं होगा, वह सफल रहा है और रहेगा क्योंकि भारत के लोग अनपढ़ व गरीब हो सकते हैं मगर वे अज्ञानी या मूर्ख नहीं है। उनका व्यावहारिक ज्ञान बहुत मजबूत होता है और वे राजनीतिक दलों के भ्रम में नहीं आने वाले, गुमराह नहीं होने वाले। यह सच है कि जब से भारत में जातिवादी, क्षेत्रवादी, भाषावादी, वर्गवादी व सम्प्रदायवादी राजनीति का बोलबाला हुआ है तभी से राजनीति के विमर्श में गिरावट आनी शुरू हुई है, लेकिन इस गिरावट को संभालने के लिये मतदाता को अधिक परिपक्व एवं समझदार होने की अपेक्षा है।

### नजरिया

# भारत में धार्मिक पर्यटन छू रहा नित नई ऊंचाईयां

प्रहलाद सबनानी
मोबाइल : 9987949940



**अयोध्या में निर्मित प्रभु श्रीराम के मंदिर से भारत की आर्थिक सम्पन्नता बढ़ने जा रही है। दिनांक 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में सम्पन्न हुए प्रभु श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद स्थानीय कारोबारी अपना उज्जवल भविष्य देख रहे हैं। अयोध्या धार्मिक पर्यटन का हब बनाने जा रहा है तथा अब अयोध्या दुनिया का सबसे बड़ा तीर्थ क्षेत्र बन जाएगा। धार्मिक पर्यटन की ष्टि से अयोध्या दुनिया का सबसे बड़ा केंद्र बनने जा रहा है।**

हाल ही के समय में भारत के नागरिकों में स्व का भाव विकसित होने के चलते देश में धार्मिक पर्यटन बहुत तेज गति से बढ़ा है। अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर में श्रीराम लला के विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात प्रत्येक दिन औसतन 2 लाख से अधिक श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। यह तो केवल अयोध्या की कहानी है इसके साथ ही तिरुपति बालाजी, काशी विश्वनाथ मंदिर, उज्जैन में महाकाल लोक, जम्मू स्थित वैष्णो देवी मंदिर, उत्तराखंड में केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री एवं यमनोत्री जैसे कई मंदिरों में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ रही है। भारत में धार्मिक पर्यटन में आई जबरदस्त तेजी के बदौलत रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं, जो देश के आर्थिक विकास को गति देने में सहायक हो रहे हैं।

जेफरीज नामक एक बड़ी अंतरराष्ट्रीय ब्रोकरेज कम्पनी ने बताया है कि अयोध्या में निर्मित प्रभु श्रीराम के मंदिर से भारत की आर्थिक सम्पन्नता बढ़ने जा रही है। दिनांक 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में सम्पन्न हुए प्रभु श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद स्थानीय कारोबारी अपना उज्जवल भविष्य देख रहे हैं। अयोध्या धार्मिक पर्यटन का हब बनाने जा रहा है तथा अब अयोध्या दुनिया का सबसे बड़ा तीर्थ क्षेत्र बन जाएगा। धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से अयोध्या दुनिया का सबसे बड़ा केंद्र बनने जा रहा है। जेफरीज के अनुसार अयोध्या में प्रति वर्ष 5 करोड़ से अधिक पर्यटक आ सकते हैं। अभी अयोध्या में केवल 17 बड़े होटल हैं इनमें कुल मिलाकर 590 कमरे उपलब्ध हैं। लेकिन, अब 73 नए होटलों का निर्माण किया जा रहा है। इनमें से 40 होटलों का निर्माण कार्य प्रारम्भ भी हो चुका है। अभी तक नए एयरपोर्ट, रेल्वे स्टेशन, टाउनशिप और रोड कनेक्टिविटी में सुधार जैसे कामों पर 85,000 करोड़ रुपए का निवेश किया गया है। इस निवेश का स्थानीय अर्थव्यवस्था पर बड़ा असर दिखाई देने जा रहा है। शीघ्र ही अयोध्या वैश्विक स्तर पर धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में उभरेगा। इससे होटल, एयरलाईन, हॉस्पिटलिटी, ट्रैवल, सिमेंट जैसे क्षेत्रों को बहुत बड़ा फायदा होने जा रहा है। भारत के विभिन्न शहरों से 1000 के आसपास नई रेल अयोध्या के लिए चलाए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। पूरे देश से दिनांक 23 जनवरी 2024 के बाद से प्रतिदिन भारी संख्या में धार्मिक पर्यटक अयोध्या पहुंच रहे हैं। यह हर्ष का विषय है कि पहिले दिन ही 5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रभु श्रीराम के दर्शन किये हैं।

विश्व के कई अन्य देश भी धार्मिक पर्यटन के माध्यम से अपनी अर्थव्यवस्थाएं सफलतापूर्वक मजबूत कर रहे हैं। सऊदी अरब धार्मिक पर्यटन से प्रति वर्ष 22,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर अर्जित करता है। सऊदी अरब इस आय को आगे आने वाले समय में 35,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर तक ले जाना चाहता है। मक्का में प्रतिवर्ष 2 करोड़ लोग पहुंचते हैं, जबकि मक्का में गैर मुस्लिम के पहुंचने पर पाबंदी है। इसी प्रकार, वेटिकन सिटी में प्रतिवर्ष 90 लाख लोग पहुंचते हैं। इस धार्मिक पर्यटन से अकेले वेटेकन सिटी को प्रतिवर्ष लगभग 32 करोड़ अमेरिकी डॉलर की आय होती है, और अकेले मक्का शहर को 12,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर की आमदनी होती है। अयोध्या में तो किसी भी धर्म, मत, पंथ मानने वाले नागरिकों पर किसी भी प्रकार की पाबंदी नहीं होगी। अतः अयोध्या पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 5 से 10 करोड़ तक प्रतिवर्ष जा सकती है। फिर अकेले अयोध्या नगर को होने वाली आय का अनुमान तो सहज रूप से लगाया जा सकता है। अभी अयोध्या आने वाले श्रद्धालु अयोध्या में रुकते नहीं थे प्रात: अयोध्या पहुंचकर प्रभु श्रीराम के दर्शन कर शाम तक वापिस चले जाते थे परंतु अब अयोध्या को इतना आकर्षक रूप से विकसित किया गया है कि श्रद्धालु 3 से 4 दिन रुकने का प्रयास करेंगे। एक अनुमान के अनुसार, प्रत्येक पर्यटक लगभग 6 लोगों को प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध कराता है। इस संख्या के हिसाब से तो लाखों नए रोजगार के अवसर अयोध्या में उत्पन्न होने जा रहे हैं। अयोध्या के आसपास विकास का एक नया दौर शुरू होने जा रहा है। यह कहना भी अतिशयोक्ति नहीं होगा कि अब अयोध्या के रूप में वेटिकन एवं मक्का का जवाब भारत में खड़ा होने जा रहा है।

धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार ने भी धरातल पर बहुत कार्य सम्पन्न किया है। साथ ही, अब इसके अंतर्गत एक रामायण सर्किट रूट को भी विकसित किया जा रहा है। इस रूट पर विशेष रेलगाड़ियां भी चलाए जाने की योजना बनाई गई है। यह विशेष रेलगाड़ी 18 दिनों में 8000 किलो मीटर की यात्रा सम्पन्न करेगी, इस विशेष रेलगाड़ी के इस रेलमार्ग पर 18 स्टॉप होंगे। यह विशेष रेलमार्ग प्रभु श्रीराम से जुड़े ऐतिहासिक नगरों अयोध्या, चित्रकूट एवं छतीसगढ़ को जोड़ेगा। अयोध्या में नवनिर्मित प्रभु श्रीराम मंदिर वैश्विक पटल पर इस रूट को भी रखेगा। केंद्र सरकार द्वारा भारत में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लगातार किए जा रहे प्रयासों का परिणाम भी अब दिखाई देने लगा है। मेक माई ट्रिप इंडिया ट्रैवल ट्रेंड्स रिपोर्ट के अनुसार, भारत के नागरिक अब पहले के मुकाबले अधिक यात्रा कर रहे हैं। भारत के नागरिकों द्वारा विशेष रूप से अयोध्या, उज्जैन एवं बदरीनाथ जैसे आध्यात्मिक स्थलों के बारे में अधिक जानकारी हासिल की जा रही है। उक्त जानकारी मेक माई ट्रिप के प्लेटफार्म के 10 करोड़ से अधिक सक्रिय उपयोगकर्ताओं से प्राप्त जानकारी के आधार पर सामने आई है। वर्ष 2019 के बाद से भारत में एक वर्ष में तीन से अधिक यात्राएं करने वाले लोगों की संख्या में 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। उक्त रिपोर्ट के अनुसार, आध्यात्मिक पर्यटन सम्बंधी जानकारी हासिल करने की गतिविधियों में वर्ष 2021 की तुलना में वर्ष 2023 में 97 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। विशेष रूप से अयोध्या के सम्बंध में जानकारी हासिल करने सम्बंधी गतिविधियों में वर्ष 2022 की तुलना में वर्ष 2023 में 585 प्रतिशत की भारी वृद्धि दर्ज हुई है। इसी प्रकार, उज्जैन एवं बदरीनाथ जैसे धार्मिक स्थलों के सम्बंध में भी जानकारी हासिल करने वाले नागरिकों की संख्या में क्रमशः 359 प्रतिशत और 343 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। भारत में अब पारिवारिक यात्रा की बुकिंग भी बहुत तेज गति से बढ़ रही है। इसमें वर्ष 2022 के तुलना में वर्ष 2023 में 64 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। जबकि इसी अवधि में एकल यात्रा की बुकिंग में केवल 23 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

उक्त जानकारी को भारत के नागरिक विमानन मंत्रालय द्वारा जारी एक जानकारी से भी बल मिलता है कि भारत में घरेलू हवाई यातायात अब एक नए मुकाम पर पहुंच गया है। दिनांक 21 अप्रेल 2024 (रविवार) को रिकार्ड 471,751 यात्रियों ने 6,128 उड़ानों के माध्यम से, भारत में हवाई सफर किया है। इसके पूर्व हवाई यातायात करने वाले नागरिकों की औसत संख्या, कोरोना महामारी के पूर्व के खंडकाल में, 398,579 यात्रियों की थी। इसमें 14 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है।

देश में धार्मिक पर्यटन में हो रही भारी वृद्धि के चलते भारत के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर में भी तेजी दिखाई देने लगी है। वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही के दौरान सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर ने भारत सहित विश्व के समस्त आर्थिक विश्लेशकों को चौंका दिया है। इस दौरान, भारत में सकल घरेलू उत्पाद में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि हासिल हुई है जबकि प्रथम तिमाही के दौरान वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत एवं द्वितीय तिमाही के दौरान 7.6 प्रतिशत की रही थी। पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान वृद्धि दर 4.4 प्रतिशत रही थी। जबकि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष एवं विश्व बैंक ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 6.3 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान लगाया था। इसी प्रकार, क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इकरा ने 6.5 प्रतिशत, एशिया विकास बैंक एवं बार्कलेस एवं प्राइस वॉटर कूपर्स ने 6.7 प्रतिशत, डेलाईट इंडिया ने 7 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान लगाया था। परंतु, समस्त विदेशी संस्थानों के अनुमानों के झुठलाते हुए भारत की आर्थिक विकास दर लगभग 8 प्रतिशत की रही है।

यह सब देश में लगातार बढ़ते धार्मिक पर्यटन एवं विभिन त्यौहारों तथा शादी जैसे समारोहों पर भारतीय नागरिकों द्वारा दिल खोलकर पैसा खर्च करने के चलते सम्भव हो पा रहा है। इससे त्यौहारों एवं शादी के मौसम में व्यापार के विभिन्न क्षेत्रों में अतुलनीय वृद्धि दृष्टिगोचर होती है। जैसे दीपावली त्यौहार के समय भारत में नागरिकों के बीच विभिन्न नए उत्पादों की खरीद के लिए जैसे आपस में होड़ सी लग जाती है। भारत में लाखों करोड़ रुपए का व्यापार दीपावली त्यौहार के समय में होता है। इसी प्रकार की स्थिति शादियों के मौसम में भी पाई जाती है। संभवत: विदेशी वित्तीय संस्थान भारत में हो रहे इस तरह के उक्त वर्णित परिवर्तनों को समझ नहीं पा रहे हैं एवं केवल पारंपरिक विधि से ही सकल घरेलू उत्पाद को आंकने का प्रयास कर रहे हैं। इसलिए भारत की विकास दर के संबंध में विभिन्न विदेशी संस्थानों के अनुमान गलत साबित हो रहे हैं।

महत्त्वपूर्ण

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# आतंक के प्रति 'कतई बर्दाश्त नहीं' करने की हो नीति : भारत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बैठक के दौरान, सभी एससीओ सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों द्वारा एक प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए गए।**

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत ने शुक्रवार को कहा कि शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों की समृद्धि और विकास के लिए सभी तरह के आतंकवाद के प्रति 'कतई बर्दाश्त नहीं' का दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है।

रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने कजाकिस्तान के अस्ताना में एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक में इस संबंध में भारत का दृष्टिकोण सामने रखा।

रक्षा मंत्रियों ने एक बयान में कहा, ''बैठक के दौरान, सभी एससीओ सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों द्वारा एक प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए गए। बैठक के बाद एक संयुक्त विज्ञप्ति जारी की गई, जिसमें एससीओ के रक्षा मंत्रियों ने अन्य पहलों के अलावा, 'एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य' के विचार को विकसित करने पर सहमति व्यक्त की जो 'वसुधैव कुटुम्बकम' के प्राचीन भारतीय दर्शन में निहित है।''

इसमें कहा गया कि बैठक के दौरान रक्षा सचिव ने एससीओ क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुरक्षा बनाए रखने के प्रति भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने एससीओ सदस्य देशों की समृद्धि और विकास के लिए सभी तरह के आतंकवाद के प्रति 'कतई बर्दाश्त नहीं' का दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

अरमाने ने संयुक्त राष्ट्र में अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद संबंधी समग्र संधि के भारत के दीर्घकालिक प्रस्ताव का उल्लेख किया। उन्होंने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास (एसएजीएआर) की भारत द्वारा प्रस्तावित अवधारणा पर भी प्रकाश डाला।

# श्रीलंका के मटाला अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रबंधन की जिम्मेदारी भारतीय एवं रूसी कंपनियों को मिली

**कोलंबो/भाषा।** श्रीलंका के हम्बनटोटा स्थित मटाला राजपक्षे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रबंधन की जिम्मेदारी भारत और रूस की कंपनी को संयुक्त रूप से दी गई है। सरकार के एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस हवाई अड्डे का निर्माण 20.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर में किया गया है और एक समय उड़ानों की कमी की वजह से इसे 'दुनिया का सबसे सुनसान हवाई अड्डा' करार दिया गया था।




सरकारी प्रवक्ता और मंत्री बांदुला गुणवर्धने ने संवाददाताओं से कहा कि श्रीलंका के मंत्रिमंडल ने नौ जनवरी को संभावित पक्षकारों से रुचि पत्र आमंत्रित करने की मंजूरी दी थी। उन्होंने बताया कि इसके बाद पांच प्रस्ताव प्राप्त हुए और कैबिनेट द्वारा नियुक्त सलाहकार समिति ने भारत की शौर्य एयरोनॉटिक्स (प्राइवेट) लिमिटेड और रूस की एयरपोर्ट्स ऑफ रीजन्स मैनेजमेंट कंपनी को 30 वर्षों के लिए एक प्रबंधन अनुबंध देने का निर्णय लिया। गुणवर्धने ने बताया कि मंत्रिमंडल ने नागरिक विमानन और हवाई अड्डा सेवा मंत्री की ओर से पेश किए गए प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। मटाला हवाई अड्डे का नाम पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे के नाम पर रखा गया है।

## मतदान



राजस्थान के टोंक जिले में शुक्रवार को आम चुनाव-2024 के दूसरे चरण के दौरान एक मतदान केंद्र पर वोट डालने के बाद अमिट स्याही का निशान दिखाते मतदाता।

# अमेरिका सुरक्षित देश है, भारतीय छात्रों का काफी ख्याल रखता है : राजदूत एरिक गार्सेटी

**नई दिल्ली/भाषा।** हालिया समय में अमेरिका में कुछ भारतीय छात्रों की मौत की घटनाओं के बीच अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा कि अमेरिका एक सुरक्षित देश है और यह भारतीय छात्रों का काफी ख्याल रखता है। उन्होंने छात्रों के अभिभावकों को आश्वासन दिया कि 'उनके बच्चे जब अमेरिका में होते हैं (तो) वे हमारे बच्चे हैं।'' इस साल जनवरी से अमेरिका में भारतीय और भारतवंशी छात्रों की मौतों से जुड़ी खबरों के बीच गार्सेटी की यह टिप्पणी आई है।



अमेरिका भारतीय छात्रों के बीच उच्च अध्ययन के लिए पसंदीदा स्थान बना हुआ है, लेकिन हालिया घटनाओं ने भारत-अमेरिकी समुदाय के साथ-साथ भारतीय आबादी के बीच भी चिंता बढ़ा दी है।

'अमेरिकन सेंटर' में गार्सेटी ने 'पीटीआई-भाषा' के साथ एक साक्षात्कार में कहा, ''हम अमेरिका में भारतीय छात्रों का काफी ख्याल रखते हैं। हम चाहते हैं कि अभिभावक यह जान लें कि जब उनके बच्चे अमेरिका में होते हैं तो वे हमारे बच्चे होते हैं। वहां संसाधनों का खजाना है जो छात्रों को तैयारी करने में मदद कर सकता है चाहे वह मानसिक स्वास्थ्य का मामला हो...।''

पिछले कुछ महीनों में छात्रों की मौतों पर दुख व्यक्त करते हुए भारत में अमेरिकी राजदूत ने जोर दिया कि ''अमेरिका एक सुरक्षित देश है।''

गार्सेटी ने रेखांकित किया कि विदेश में पढ़ने वाले छात्रों को लोगों से जुड़ना चाहिए, वहां उनके भरोसेमंद दोस्त होने चाहिए और अगर कोई खतरनाक स्थिति हो तो उससे अवगत होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि छात्रों को यह भी पता होना चाहिए कि कोई मानसिक स्वास्थ्य समस्या हो तो क्या करना चाहिए।

अमेरिकी राजदूत ने कहा कि अमेरिका में अध्ययन करने जा रहे छात्रों को विश्वविद्यालय परिसर की सुरक्षा, स्थानीय कानून से भी वाकिफ होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ''ये सभी चीजें कभी-कभी छात्रों को नहीं पता होती हैं, क्योंकि उनके लिए नया देश होता है।''

# भ्रष्टाचार की जांच के बीच वियतनाम की संसद के अध्यक्ष ने इस्तीफा दिया

**हनोई/एपी।** वियतनाम की संसद के अध्यक्ष वुओंग दिन्ह ह्यू ने इस्तीफा दे दिया है। वियतनाम के सरकारी मीडिया 'वीएन एक्सप्रेस' की खबर में यह जानकारी दी गई है। ह्यू ने भ्रष्टाचार की जांच के बीच इस्तीफा देने की घोषणा की। खबर के अनुसार, ह्यू ने अपने सहायक फाम थाई हा को व्यक्तिगत लाभ के लिए अपने पद का दुरुपयोग करने के आरोप में गिरफ्तार किए जाने के चार दिन बाद इस्तीफा दिया है। 'वीएन एक्सप्रेस' की खबर के अनुसार, वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी ने ह्यू के इस्तीफे को स्वीकार कर लिया है। खबर के अनुसार, जांचकर्ताओं ने पाया कि ह्यू ने ''पार्टी के नियमों का उल्लंघन किया है।

## पाकिस्तान ने भारतीय नेताओं से आग्रह किया

# भारत में चुनाव के दौरान राजनीतिक फायदे के लिए पाकिस्तान को न घसीटें

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**भारतीय विदेश मंत्रालय ने बार-बार कहा है कि ''केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर तथा केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख भारत के अभिन्न और अविभाज्य अंग हैं तथा हमेशा रहेंगे। किसी अन्य देश को इस पर टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है।'**

**इस्लामाबाद/भाषा।** पाकिस्तान ने शुक्रवार को भारतीय नेताओं से आग्रह किया कि वे चुनाव के दौरान राजनीतिक फायदे के लिए अपने भाषणों में उसे न घसीटें।

विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने यहां आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि उनका देश जम्मू-कश्मीर को लेकर भारतीय नेताओं के सभी दावों को खारिज करता है। उन्होंने कहा, ''भारतीय नेता चुनावी कारणों से भारत के लोकलुभावन सार्वजनिक विमर्श में पाकिस्तान को घसीटने की अपनी प्रवृत्ति बंद करें।''

बलोच ने कहा, ''हम जम्मू-कश्मीर पर अनुचित दावे करने वाले भारतीय नेताओं के भड़काऊ बयानों में चिंताजनक रूप से वृद्धि देख रहे हैं। पाकिस्तान इन दावों को खारिज करता है। अति-राष्ट्रवाद से प्रेरित, यह भड़काऊ बयानबाजी क्षेत्रीय शांति और संवेदनशीलता के लिए गंभीर खतरा पैदा करती है।'' उन्होंने दावा किया कि भारतीय दावे ऐतिहासिक और कानूनी तथ्यों के विपरीत हैं। बलोच ने कहा, ''ऐतिहासिक और कानूनी तथ्यों के साथ-साथ जमीनी हकीकत भी जम्मू-कश्मीर पर भारत के निराधार दावों को खारिज करती है।''

भारत भी कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान के बयानों को खारिज करता रहा है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बार-बार कहा है कि ''केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर तथा केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख भारत के अभिन्न और अविभाज्य अंग हैं तथा हमेशा रहेंगे। किसी अन्य देश को इस पर टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है।''

# नेहा कक्कड़ ने सुपरस्टार सिंगर 3 के प्रतियोगी क्षितिज सक्सेना की तारीफ की

**मुंबई/एजेन्सी।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के होमग्रोन किड्स सिंगिंग रियलिटी शो, 'सुपरस्टार सिंगर 3' की जज नेहा कक्कड़ ने प्रतियोगी की तारीफ की है।





इस वीकेंड, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न पर सुपरस्टार सिंगर 3 ,प्रसिद्ध म्यूज़िक डायरेक्टर्स - नदीम-श्रवण की उपलब्धियों को सेलिब्रेट करेगा, जिन्होंने 1990 के दशक में चार्ट पर राज करने वाली यादगार धुनें बनाई हैं। 'नदीम-श्रवण स्पेशल' में, प्रतियोगी इस शानदार जोड़ी को सम्मानित करते हुए उनके कुछ सदाबहार क्लासिक्स का जादू बिखेरेंगे, प्रतियोगी ,अभिजीत भट्टाचार्य और अनुराधा पौडवाल की उपस्थिति में, जिन्होंने नदीम-श्रवण के कई गीतों को अपनीआवाज़ दी है, उसपर प्रस्तुति देंगे।सभी दिल जीतने वाले परफॉर्मेंस के बीच, उत्तर प्रदेश के पीलीभीत के बेहद प्रतिभाशाली 13 वर्षीय क्षितिज सक्सेना, अपनी कैप्टन सायली कांबले के साथ, फिल्म 'आशिकी' से 'नज़र के सामने' और 'धीरे-धीरे' गाने के अपने संस्करण से सभी को हैरान करने के लिए तैयार हैं। क्षितिज के मनमोहक प्रदर्शन को सभी कप्तानों, सुपर जज नेहा कक्कड़ और खास मेहमानों - अभिजीत भट्टाचार्य और अनुराधा पौडवाल से तारीफें मिलेंगी। क्षितिज के परफॉर्मेंस से हैरान अनुराधा पौडवाल ने कहा, क्या शानदार परफॉर्मेंस है, वाकई सराहनीय। लय सटीक थी, और यह बहुत खुशी से गूंज रही थी! मैं आप में से प्रत्येक के लिए वाकई रोमांचित हूं। हमारे खूबसूरत देश के हर कोने से ऐसी प्रतिभाओं को उभरते हुए देखकर मेरा दिल खुशी से भर जाता है। मैंने अपने कार्यक्रमों के लिए पीलीभीत और बरेली जैसी जगहों का सफर किया है, और आप जैसी प्रतिभाओं को देखकर मुझे शो की वाकई सराहना करनी होगी जिन्होंने देश भर से ऐसे बहुमूल्य रत्नों को खोजा है। आपका सिंगिंग असाधारण थी, और इसने मेरे दिल को खुशियों से भर दिया। ऐसे ही बेहतरीन काम करते रहिये!

इस परफॉर्मेंस से मंत्रमुग्ध होकर, सुपर जज नेहा कक्कड़ ने कहा, मास्टर सक्सेना, आपका सिंगिंग आत्मा को गहराई से छूती है। आप हर लाइन और धुन में अपना पूरा दिल डाल देते हैं। यहां तक कि दूसरे गाने को भी बेहद खूबसूरती से गाया गया, और आप महान कुमार सानू दा द्वारा सेट किए गए मानकों पर खरा उतरें, जिनकी आवाज़ वास्तव में अनोखी और यादगार है। ऐसे गानों को परफॉर्म करने के मामले में वह आइकन हैं। मुझे लगता है कि इन खूबसूरत धुनों पर अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए, आपका एक और रेंडिशन होना चाहिए। ईश्वर पर आपकी कृपा बनी रहे।




# दीपक तिजोरी की फिल्म टिप्सी का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई/एजेन्सी।** बॉलीवुड अभिनेता-फिल्मकार दीपक तिजोरी की आने वाली फिल्म टिप्सी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म टिप्सी का निर्माण निर्माण राजू चड्ढा और दीपक तिजोरी ने किया है। 'टिप्सी' का निर्देशन दीपक तिजोरी ने किया है। सना खान और अनीता शर्मा फिल्म की सह-निर्माता हैं। 'टिप्सी' का ट्रेलर रिलीज हो गया है।इस ट्रेलर की शुरुआत गोवा जैसे खूबसूरत शहर से होती है। जहां पांच लड़कियों का एक ग्रुप घूमने जाता हैं, लेकिन इन लड़कियों के लिए ये गोवा का ट्रिप आफत बन जाएगा। इसके बारे में नहीं पता था। गर्लस का ये ट्रिप उन्हें जेल की हवा खाने पर मजबूर कर देता है।

ट्रेलर में दीपक तिजोरी की भी दमदार एंट्री देखने को मिलती है, जो एक पुलिस अफसर के किरदार में नजर आ रहे हैं। दीपक के अलावा अलंकृता सहाय, नताशा सूरी, कैनात अरोरा, नाजिया हुसैन, सोनिया बिर्जे, हरजिंदर सिंह, मनदीप कौर संधू और दानिश भट्ट नजर आ रहे हैं।

# करण जौहर की स्पाई कॉमेडी फिल्म में काम करेंगे आयुष्मान खुराना

मुंबई/एजेन्सी। बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना ,निर्माता करण जौहर की स्पाई कॉमेडी फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि आयुष्मान खुराना ने अपनी अगली फिल्म के लिए फिल्मकार करण जौहर से हाथ मिलाया है। यह एक जासूसी कॉमेडी होगी, जिसका निर्देशन आकाश कौशिक करेंगे। चर्चा है कि करण जौहर इस फिल्म का निर्माण गुनीत मोंगा के साथ करने वाले हैं। कहा जा रहा है कि इस स्पाई कॉमेडी फिल्म के लिए अभिनेत्री को भी फाइनल कर लिया है। इस फिल्म में सारा अली खान नजर आ सकती हैं। इसी साल जून से फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी जाएगी।

बताया जा रहा है कि, करण जौहर और गुनीत इस सबजेक्ट को लेकर काफी एक्साइटेड हैं, क्योंकि स्क्रिप्ट को अच्छी तरह से तैयार किया गया है।



# शंकर और जयकिशन के बीच भी हुई थी अनबन

**मुंबई/एजेन्सी।** भारतीय सिनेमा जगत में सर्वाधिक कामयाब संगीतकार जोड़ी शंकर-जयकिशन ने अपने सुरों के जादू से श्रोताओं को कई दशकों तक मंत्रमुग्ध किया और उनकी जोड़ी एक मिसाल के रूप में ली जाती थी, लेकिन एक वक्त ऐसा भी आया, जब दोनों के बीच अनबन हो गई थी। शंकर और जयकिशन ने एक-दूसरे से वादा किया था कि वे कभी किसी को नहीं बताएंगे कि धुन किसने बनाई है, लेकिन एक बार जयकिशन इस वादे को भूल गए और मशहूर सिने पत्रिका फिल्म फेयर के लेख में बता दिया कि फिल्म 'संगम' के गीत 'ये मेरा प्रेम पत्र पढ़कर कि तुम नाराज न होना...' की धुन उन्होंने बनाई थी। इस बात से शंकर काफी नाराज भी हुए। बाद में पार्श्वगायक मोहम्मद रफी के प्रयास से शंकर और जयकिशन के बीच हुए मतभेद को कुछ हद तक कम किया जा सका।



जयकिशन दयाभाई पांचाल का जन्म 04 नवंबर 1932 को गुजरात में हुआ। बचपन के दिनों से ही उनका रुझान संगीत की ओर था और उनकी रुचि हारमोनियम बजाने में थी। जयकिशन ने संगीत की प्रारंभिक शिक्षा वेदलाल से हासिल की और प्रेमशंकर नायक से भी शास्त्रीय संगीत की शिक्षा हासिल की।जयकिशन पर धुनें बनाने का जुनून इस कदर सवार रहता था कि जब तक वे धुन तैयार नहीं कर लेते, उसमें ही रमे रहते थे। अपनी इसी खूबी की वजह से उन्होंने अपना अलग ही अंदाज बनाया।वर्ष 1946 में अपने सपनों को नया रूप देने के लिए जयकिशन मुंबई आ गए और एक फैक्ट्री में टाइमकीपर की नौकरी करने लगे। इस बीच उनकी मुलाकात शंकर से हुई। शंकर उन दिनों पृथ्वी थिएटर में तबला बजाने का काम किया करते थे और उसके नाटकों में छोटे-मोटे रोल भी किया करते थे।शंकर की सिफारिश पर जयकिशन को पृथ्वी थिएटर में हारमोनियम बजाने के लिए नियुक्त कर लिया गया। इस बीच शंकर और जयकिशन ने संगीतकार हुस्नलाल-भगतराम की शागिर्दी में संगीत सीखना शुरू कर दिया।

वर्ष 1948 में राज कपूर अपनी फिल्म बरसात के लिए संगीतकार की तलाश कर रहे थे। उन्होंने शंकर-जयकिशन को मिलने का न्योता भेजा। राज कपूर शंकर-जयकिशन के संगीत बनाने के अंदाज से काफी प्रभावित हुए और उन्होंने शंकर-जयकिशन से अपनी फिल्म बरसात में संगीत देने की पेशकश की।फिल्म बरसात में उनकी जोड़ी ने 'जिया बेकरार है' और 'बरसात में हमसे मिले तुम सजन' जैसा सुपरहिट संगीत दिया। बरसात की कामयाबी के बाद शंकर-जयकिशन संगीतकार के रूप में अपनी पहचान बनाने में सफल हो गए।शंकर-जयकिशन की जोड़ी गीतकार हसरत जयपुरी और शैलेन्द्र के साथ काफी पसंद की गई। शंकर-जयकिशन को सर्वाधिक नौ बार सर्वश्रेष्ठ संगीतकार के फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। शंकर की जोड़ी जयकिशन के साथ वर्ष 1971 तक कायम रही। 12 सितंबर 1971 को जयकिशन इस दुनिया को अलविदा कह गए। अपने मधुर संगीत से श्रोताओं को भावविभोर करने वाले संगीतकार शंकर भी 26 अप्रैल 1987 को इस दुनिया को अलविदा कह गए।शंकर-जयकिशन की जोड़ी वाली सुपरहिट गीतों में कुछ हैं- आवारा हूं, आवारा हूं या गर्दिश में आसमान का तारा हूं, ऐ मेरे दिल कहीं और चल, प्यार हुआ इकरार हुआ है, मेरा जूता है जापानी, सब कुछ सीखा हमने ना सीखी होशियारी, अजीब दास्तां है, चाहे कोई मुझे जंगली कहे, बोल राधा बोल संगम होगा कि नहीं, मैं का करूं राम मुझे बुड्ढा मिल गया, सजन रे झूठ मत बोलो, मैं गाऊं तुम सो जाओ, जीना यहां मरना यहां, आजा सनम मधुर चांदनी में हम, तेरी प्यारी-प्यारी सूरत को, बहारों फूल बरसाओ, पर्दे में रहने दो, जाने कहां गए वो दिन... आदि।

# कुछ रीत जगत की ऐसी है में, शादी के सीक्वेंस के लिए मीरा देओस्थले ने पहना 35 किलो लहंगा

**मुंबई/एजेन्सी।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न पर प्रसारित हो रहे शो 'कुछ रीत जगत की ऐसी है' के शादी के सीक्वेंस के लिए मीरा देओस्थले ने 35 किलो का लहंगा पहना।

कुछ रीत जगत की ऐसी है की जारी कहानी में, रतनशी परिवार साथ मिलकर अपने घर में नंदिनी (मीरा देओस्थले) का स्वागत करने के लिए एक जश्न की योजना बनाता है। हालांकि, हेमराज (धर्मेश व्यास) इस जश्न में बाधा डाल देता है, और अप्रत्यक्ष रूप से चेतावनी देता है। इस बीच, रूपा और हेतल की नज़र रौनक पर पड़ती है जो नैनी को चुपके से घर में ला रहा है, जिससे वे उससे झगड़ पड़ती हैं। इस मामले को छुपाने की कोशिशों के बावजूद, नंदिनी और हेमराज दोनों को लगता है कि कुछ गड़बड़ है। जैसे-जैसे तनाव बढ़ता है और रहस्य खुलते हैं, नंदिनी खुद को उन रिश्तों के पेचीदा जाल में फंसा हुआ पाती है, जो रतनशी परिवार की पहचान है।

नंदिनी की दुल्हन वाली पोशाक का वज़न 35 किलोग्राम है, जो वाकई देखने लायक है। इस वेडिंग लुक के बारे में बात करते हुए मीरा देओस्थले ने कहा,आम तौर पर, हम टेलीविज़न पर अभिनेत्रियों को लाल लहंगा पहने देखते हैं, लेकिन मुझे पनेतर पहनने का मौका मिला, जिसे गुजराती दुल्हनें पहनती हैं। गुजराती होने के नाते, यह एहसास काफी खास था। इस व्यापक सीक्वेंस को शूट करने के लिए, मैंने इस मास्टरपीस को 20-25 दिनों तक पहना, लेकिन यह लहंगा काफी भारी था; ज्वेलरी के साथ, इसका वज़न 35 किलोग्राम था, लेकिन मेरा मानना है कि सांस्कृतिक पोशाक पहनने में अपनी अनूठी सुंदरता है। इसे पहनकर चलना असंभव था; कभी-कभी मैं हिल-डुल भी नहीं पाती थी लेकिन चुनौतियों के बावजूद, यह दिलचस्प अनुभव था। अब, मुझे लगता है कि जब मेरी शादी का समय आएगा, तो मैं कोई साधारण पोशाक पहनकर शादी कर लूंगी।

कुछ रीत जगत की ऐसी है हर सोमवार से शुक्रवार रात 8:30 बजे सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न पर प्रसारित होता है।



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
8
www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com
RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

व्यक्ति को संपत्ति मिलने पर कृतज्ञतारूप वाहन पर बैठकर आगे जाना चाहिए। भगवान की भक्ति के अवसर में प्रेम के वाहन में सवार होकर जाना चाहिए। विपत्ति में सहिष्णुता पर सवार होकर जाना चाहिए और पाप हो जाए तब पश्चाताप रुपी वाहन पर सवार होना चाहिए। आचार्यश्री अपने मुक्कबई अंधेरी वेस्ट के चन्द्रप्रभु संघ में आगामी चातुर्मास के लिए विहाररत हैं।



# तेरापंथ महिला मंडल विजयनगर द्वारा 'पौधे को सींचें' कार्यशाला का आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ महिला मंडल विजयनगर द्वारा 'पौधे को सींचे' के अंतर्गत 'पेनिक या पीस' विषय पर तेरापंथ भवन में कार्यशाला का आयोजन किया गया। अध्यक्ष मंजू गादिया ने सभी का स्वागत करते हुए विषय की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता की भूमिका निभाई। अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक नेहा चौधरी का परिचय कविता बाफना ने किया। नेहा चौधरी ने विषय पर अपनी प्रस्तुति देते हुए कहा कि आज हर माता-पिता चाहते हैं कि उनके बच्चे हर क्षेत्र में अग्रिम पंक्ति में खड़े हो, चाहे वह खेल हो, चाहे शिक्षा हो या फिर कोई और क्षेत्र। इस प्रतिस्पर्धा की होड़ में खुद तो तनाव में आते ही हैं और बच्चे भी दबाव के कारण अवसाद ग्रस्त हो जाते हैं। बच्चों पर किसी भी तरह का दबाव नहीं बनाये अपितु उन्हें सही गलत का फर्क जरूर बताएं। इसके लिए हम ध्यान के प्रयोग भी कर सकते हैं।

प्रेक्षाध्यान प्रशिक्षक छत्र मालू ने बताया कि ध्यान के निरंतर प्रयोग द्वारा शारीरिक मानसिक एवं भावनात्मक रूप से मजबूत बन सकते है। यह मानसिक एकाग्रता एवं याददाश्त शक्ति बढ़ाने में सहायक होता है। इसके लिए उन्होंने महाप्राण ध्वनि का प्रयोग करवाया। प्रेक्षाध्यान ध्यान प्रशिक्षक भंवरलाल मांडोत ने भी अर्हम की ध्वनि एवं नौ मंगल भावनाओं का प्रयोग करवाया।

वर्षीतप तपस्वी किरण पारख का मंडल द्वारा तप अनुमोदना पत्र एवं माला पहनाकर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन मनीषा घोषल एवं आभार ज्ञापन उषा सेठिया ने किया।

# भगवान के प्रति सदैव कृतज्ञ रहें : आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बीजापुर।** स्थानीय महावीरस्वामी जैन श्वेताम्बर संघ में विराजित आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीश्वरजी ने अपने विश्राम के दौरान कहा कि व्यक्ति को संपत्ति मिलने पर कृतज्ञतारूप वाहन पर बैठकर आगे जाना चाहिए। भगवान की भक्ति के अवसर में प्रेम के वाहन में सवार होकर जाना चाहिए। विपत्ति में सहिष्णुता पर सवार होकर जाना चाहिए और पाप हो जाए तब पश्चाताप रुपी वाहन पर सवार होना चाहिए। आचार्यश्री अपने मुम्बई अंधेरी वेस्ट के चन्द्रप्रभु संघ में आगामी चातुर्मास के लिए विहाररत हैं।

# दूसरे चरण पर गूगल ने 'मतदान' का डूडल बनाया

**नई दिल्ली/भाषा।** गूगल ने लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण के अवसर पर शुक्रवार को अपने होमपेज पर रंगीन स्याही लगी उंगली का डूडल बनाया जो संकेत देता है कि व्यक्ति ने मतदान कर दिया है। देश के 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीट पर शुक्रवार को मतदान की प्रक्रिया जारी है।



अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनी ने गूगल डूडल के पारंपरिक रूप में चुनाव का उत्सव मनाने के लिए बदलाव किया है और अपने नाम के 'ओ' वर्ण के स्थान पर स्याही लगी तर्जनी की तस्वीर लगाई है। लोगों को दोबारा मतदान करने से रोकने के लिए आम तौर पर नहीं मिटने वाली बैंगनी स्याही मतदाता के बाएं हाथ की तर्जनी पर लगाई जाती है। चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने वाले मतदाताओं के बीच इसे गौरव के प्रतीक के रूप में पहचाना जाता है। मतदान केंद्रों पर यह सामान्य दृश्य होता है जब मतदाता स्याही लगी उंगली की तस्वीर आगे दिखाते हुए तस्वीर खिंचवाते हैं। गूगल सर्च पेज के डूडल पर क्लीक करते ही चुनाव से जुड़ी खबरें और अन्य जानकारी सामने आती है। गूगल ने लोकसभा चुनाव के पहले चरण 19 अप्रैल को भी यही डूडल बनाया था। सात चरणों का लोकसभा चुनाव एक जून को समाप्त होगा और मतों की गिनती चार जून को होगी।

## प्रभु दर्शन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



अमरीका के केलिफोर्निया के बालाजी सेवा फाउण्डेशन मठ के पीठाधीश्वर नारायणनन्दास्वामी ने अपनी भारत यात्रा के दौरान शुक्रवार को दक्षिण नाकोड़ा तीर्थ अरसीकेरे पहुंचकर पार्श्वनाथ भगवान, योगीराज शांतिसूरीश्वर, पद्मावतीदेवी एवं संकटमोचन पार्श्व भैरवदेव के दर्शन किए। उन्होंने पार्श्व भैरवदेव का ध्यान कर भैरव श्लोक का पाठ किया तथा अपने आप को सौभाग्यशाली बताया। उन्होंने भैरवदेव की फोटो तस्वीर साथ लेकर प्रसन्नता प्रदर्शित की। ट्रस्ट के ट्रस्टियों ने नारायणनंदास्वामीजी का सम्मान किया।

# गत 11 साल से वीवीपैट चुनाव में ला रही है पारदर्शिता

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के माध्यम से डाले गये वोट का 'वोटर वेरिफाएबल पेपर ऑडिट ट्रेल' (वीवीपीएटी) के साथ पूर्ण रूप से मिलान कराने का अनुरोध करने वाली सभी याचिकाएं शुक्रवार को खारिज कर दी। इसके साथ ही, वीवीपैट मशीनें एक बार फिर से चर्चा के केंद्र में आ गई हैं। चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए, निर्वाचन संचालन नियम,1961 में 2013 में संशोधन किया गया था ताकि वीवीपैट मशीनों का इस्तेमाल किया जा सके। नगालैंड में नोकसेन विधानसभा सीट पर उपचुनाव (2013) में इनका पहली बार इस्तेमाल किया गया था। ईवीएम में एक बैलेट यूनिट, एक कंट्रोल यूनिट और एक वीवीपैट होती है।

ईवीएम पर आने वाली कुल लागत में, प्रति बैलेट यूनिट पर 7,900 रुपये, हर कंट्रोल यूनिट पर 9,800 रुपये और प्रत्येक वीवीपैट पर 16,000 रुपये शामिल हैं। अधिक पारदर्शिता के लिए, 2019 से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के पांच मतदान केंद्रों से वीवीपैट पर्चियों का मिलान ईवीएम में पड़े मतों से किया जाता है और अब तक कोई विसंगित नहीं पाई गई है।



मतदाता बैलेट यूनिट के जरिये उम्मीदवार को वोट देते हैं, वे वीवीपैट यूनिट पर सात सेकंड तक एक पर्ची देख सकते हैं, जिसमें उक्त उम्मीदवार की पार्टी का चिह्न होता है। चूंकि भारत में गुप्त मतदान प्रणाली है इसलिए मतदाता वीवीपैट पर्ची घर नहीं ले जा सकते। शीर्ष अदालत ने ईवीएम के जरिये डाले गए मतों का वीवीपैट पर्चियों के साथ शत-प्रतिशत मिलान का अनुरोध करने वाली याचिकाएं खारिज कर दी है।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने मामले में सहमति वाले दो अलग-अलग फैसले सुनाये और इस मामले से जुड़ी सभी याचिकाएं खारिज कर दीं, जिनमें मतपत्रों से चुनाव कराने की प्रकिया पुन: अपनाने का अनुरोध करने वाली याचिका भी शामिल है। न्यायालय ने दो निर्देश जारी किये। न्यायमूर्ति खन्ना ने अपने फैसले में निर्वाचन आयोग को मतदान के बाद, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में 'चिह्न लोड' करने वाली स्टोर यूनिट्स को 45 दिनों के लिए 'स्ट्रॉन्ग रूम' में सुरक्षित करने के निर्देश दिए। चूंकि कोई भी व्यक्ति परिणाम की घोषणा के 45 दिनों के अंदर निर्वाचन को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय में चुनाव याचिका दायर कर सकता है, इसलिए ईवीएम और पर्चियां 45 दिनों के लिए सुरक्षित रखी जाती हैं, ताकि अदालत द्वारा रिकार्ड मांगे जाने पर उसे उपलब्ध कराया जा सके।

शीर्ष अदालत ने ईवीएम निर्माताओं के इंजीनियरों को यह अनुमति दी कि वे परिणाम घोषित होने के बाद दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाले उम्मीदवारों के अनुरोध पर मशीन के 'माइक्रोकंट्रोलर' को सत्यापित कर सकते हैं।

उच्चतम न्यायालय ने कहा कि 'माइक्रोकंट्रोलर' के सत्यापन के लिए अनुरोध परिणाम घोषित होने के सात दिनों के भीतर किया जा सकता है लेकिन इसके लिए पहले शुल्क देना होगा। पीठ ने कहा, 'अगर सत्यापन के दौरान यह पाया गया कि ईवीएम से छेड़छाड़ की गई है तो उम्मीदवार द्वारा दिया गया शुल्क उसे लौटा दिया जाएगा।' वीवीपैट, बैलेट यूनिट और कंट्रोल यूनिट का विनिर्माण सार्वजनिक क्षेत्र के दो उपक्रम 'इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड' करते हैं।

# ईवीएम पर न्यायालय का फैसला कांग्रेस के लिए करारा तमाचा, उसे माफी मांगनी चाहिए : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से डाले गए मतों के पूर्ण सत्यापन की मांग वाली याचिकाएं उच्चतम न्यायालय द्वारा खारिज किए जाने के आलोक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि यह फैसला कांग्रेस नीत विपक्ष के लिए करारा तमाचा है और ईवीएम को लेकर अविश्वास पैदा करने के लिए माफी मांगनी चाहिए।

अधिकतर विपक्षी दलों ने फैसले पर टिप्पणी नहीं की, वहीं कांग्रेस ने कहा कि वह चुनावी प्रक्रिया में जनता का भरोसा बढ़ाने के लिए 'वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल' (वीवीपैट) के अधिक उपयोग पर जोर देती रहेगी।

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने चुनावों में ईवीएम के इस्तेमाल को लेकर उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत किया और कहा कि इसने निर्वाचन



आयोग को बदनाम करने की कोशिश करने वाली कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी पार्टियों को बेनकाब कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के अररिया और मुंगेर में चुनावी सभाओं में कहा कि यह कांग्रेस-नीत 'इंडिया' गठबंधन को करारा तमाचा है और उसे ईवीएम के खिलाफ अविश्वास पैदा करने के लिए जनता से माफी मांगनी चाहिए।

मोदी ने आरोप लगाया, ''राजद-कांग्रेस और ''इंडी'' गठबंधन को न देश के संविधान और न ही लोकतंत्र की परवाह है। ये वे लोग हैं जिन्होंने 10 साल तक मतपत्रों के बहाने गरीबों का अधिकार छीना... बिहार के लोग साक्षी हैं कैसे राजद-कांग्रेस के शासन में चुनाव में बूथ और मतपत्र लूट लिए जाते थे। इतना ही नहीं गरीबों को वोट डालने के लिए घर से बाहर भी निकलने नहीं दिया जाता था।'' उन्होंने कहा, ''देश के गरीबों और ईमानदार मतदाताओं को जब ईवीएम की ताकत मिली तो यह उन लोगों को बर्दाश्त नहीं हुआ जो चुनाव के दिन वोट लूटने का खेल खेलते थे।'' उन्होंने कहा, ''उसके हर नेता ने ईवीएम को लेकर जनता के मन में संदेह पैदा करने का पाप किया है।''

# केजरीवाल ने राजनीतिक हित को राष्ट्रीय हित से ऊपर रखा : अदालत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने नगर निगम (एमसीडी) के विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को किताबों नहीं मिलने के मुद्दे पर शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) सरकार को लताड़ लगाई और कहा कि गिरफ्तारी के बाद भी अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री बने हुए हैं, जो दर्शाता है कि उन्होंने राजनीतिक हित को राष्ट्रीय हित से ऊपर रखा है। अदालत ने कहा कि दिल्ली सरकार की 'सत्ता के समायोजन में रुचि है।' दिल्ली सरकार के वकील ने उच्च न्यायालय को बताया कि इस मामले में केजरीवाल से मंजूरी की आवश्यकता है, जिसके बाद अदालत ने यह तल्ख टिप्पणी की। केजरीवाल, 2021 की आबकारी नीति के संबंध में कथित धन शोधन के मामले में हिरासत में हैं।

अदालत ने कहा कि अब तक हमने 'विनम्रतापूर्वक' इस बात पर जोर दिया है कि राष्ट्रीय हित 'सर्वोपरि' है लेकिन मौजूदा मामले ने उजागर कर दिया कि यह 'गलत' है। अदालत इस मामले में सोमवार को आदेश पारित करेगी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी.एस. अरोड़ा की पीठ ने कहा, ''मुझे यह कहते हुए बेहद दुख हो रहा है कि आपने अपने हित को विद्यार्थियों और पढ़ने वाले बच्चों के हित से ऊपर रखा। यह स्पष्ट है और हम मानते हैं कि आपने अपने राजनीतिक हित को सबसे ऊपर रखा है।''

# प्रधानमंत्री डरे हुए हैं, मंच पर आंसू भी बहा सकते हैं : राहुल गांधी

**विजयपुरा।** कांग्रेस की आलोचना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पलटवार करते हुए पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि वह (मोदी) डरे हुए हैं और मंच पर आंसू तक बहा सकते हैं। गांधी ने कांग्रेस शासित कर्नाटक के विजयपुरा जिला मुख्यालय में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, आपने प्रधानमंत्री के भाषण सुने हैं। वह डरे हुए हैं। हो सकता है कि वह मंच पर आंसू बहाने लगें।



प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी हालिया रैलियों में कांग्रेस को 'मंगलसूत्र', 'संपदा पुनर्वितरण' और 'विरासत कर' जैसे आरोपों से घेरने का प्रयास किया है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने मोदी पर अनेक तरीके से जनता का ध्यान भटकाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ''मोदी ध्यान भटकाने का प्रयास करते हैं। कभी वह चीन और पाकिस्तान की बात करते हैं, कभी वह आपसे थाली बजाने को कहेंगे और कभी आपके मोबाइल फोन पर टॉर्च लाइट जलाने को कहेंगे।'' गांधी ने कहा कि भारत में गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई समेत चार महत्वपूर्ण मुद्दे हैं।

उन्होंने दावा किया कि केवल कांग्रेस ही बेरोजगारी समाप्त कर सकती है, महंगाई को काबू में कर सकती है और लोगों को उनकी उचित हिस्सेदारी दिला सकती है। गांधी ने कहा, मोदी ने केवल गरीब जनता का पैसा लूटा है। उन्होंने कुछ लोगों को ही अरबपति बनाया है। देश में करीब 22 लोग हैं जिनकी संपदा देश के 70 करोड़ लोगों की संपत्ति के समान है।

# अदालत ने मुआवजा देने के आदेश का पालन न करने पर एसडीएम की कुर्सी कुर्क की

**विदिशा (मप्र)/भाषा।** विदिशा जिले की एक अदालत ने एक उप-विभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) की कुर्सी और अन्य आधिकारिक चल संपत्तियों को कुर्क किया है। एसडीएम ने पिछले साल के अदालत के आदेश का पालन नहीं किया था, जिसमें पांच लोगों को मुआवजा देने का आदेश दिया गया था। इन पांचों की जमीन 2011 में सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहित की गई थी। दिसंबर 2023 में, एक किसान सहित इन पांच लोगों ने सिरोंज में जिला अदालत का रुख किया था। पांचों ने दावा किया कि उन्हें पर्याप्त मुआवजा नहीं दिया गया है। शुकवार को एक वकील और याचिकाकर्ता कपिल त्यागी ने कहा कि जिला न्यायाधीश सुरेंद्र मेश्राम ने मार्च 2024 में सरकारी अधिकारियों को आदेश को लागू करने का आखिरी मौका दिया। त्यागी ने बताया कि आदेश का पालन न होने पर न्यायाधीश मेश्राम ने 23 अप्रैल को निर्देश दिया कि सिरोंज के एसडीएम हर्षल चौधरी के कार्यालय में कुर्सी, अन्य फर्नीचर और कंप्यूटर सहित चल संपत्ति को कुर्क किया जाए। उन्होंने फोन पर 'पीटीआई-भाषा' को बताया, अगर हमें अब भी मुआवजा नहीं मिलता है, तो हम प्रतिवादियों की अचल संपत्ति को कुर्क करने की मांग करते हुए याचिका दायर करने जा रहे हैं। इस मामले में जिला प्रशासन और एमपी रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एमपीआरडीसी) प्रतिवादी हैं। त्यागी ने बताया कि 2011 में सिरोंज में 1.5 किलोमीटर लंबी सड़क बनाने के लिए एमपीआरडीसी ने कुल 82 लोगों की जमीन अपने कब्जे में ली थी।

## पुष्प प्रदर्शनी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



25 अप्रैल, 2024 को ली गई यह तस्वीर दक्षिण कोरिया के गोयांग में इल्सन झील पार्क में अंतर्राष्ट्रीय बागवानी गोयांग कोरिया 2024 के प्रवेश द्वार को दिखा रही है। दक्षिण कोरिया में प्रतिनिधि अंतरराष्ट्रीय पुष्प प्रदर्शनियों में से एक IHK 2024 इस साल 26 अप्रैल से 12 मई तक पृथ्वी में फूल की थीम के तहत यहाँ आयोजित किया जा रहा है।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.